


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



गर्मियों में त्वचा के लिए सुरक्षा कवच है ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शनिवार, 20 मई 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 10 अंक: 149 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## फिर नोटबंदी! 2000 रुपये के नोट बंद करने की तैयारी में आरबीआई

### बदलने के लिए दिया 4 महीने का वक्त



**नयी दिल्ली** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को 2000 रुपये के नोट को लेकर बड़ा एलान किया है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि 2000 रुपये के नोट सर्कुलेशन से वापस ले लिए जाएंगे। रिजर्व बैंक के इस कदम से एक बार फिर नोटबंदी की यादें ताजा हो गईं। हालांकि, इस बार लोगों को किसी भी तरह से घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि फिलहाल 2000 रुपये के नोट बाजार में चलते रहेंगे। कब तक बदले जा सकेंगे नोट?: रिजर्व बैंक ने 2000 के नोटों को बदलने के लिए 30 सितंबर तक की समय सीमा निर्धारित की है। आरबीआई की घोषणा के मुताबिक, 2000 रुपये का नया नोट अब जारी नहीं किया जाएगा। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि 2000 रुपये के नोट की वैधता समाप्त होगी। फिलहाल, 2000 रुपये के नोट वैध रहेंगे। आरबीआई ने बैंकों को सलाह दी है कि वे तत्काल प्रभाव से 2000 रुपये के नोट जारी बंद करें। बाजार में मौजूद नोटों को बैंकों में जमा कराया जा सकता है या फिर 30 सितंबर, 2023 तक बदला जा सकता है। आरबीआई के मुताबिक, 2000 रुपये के नोटों को 23 मई से लेकर 30 सितंबर तक 20,000 रुपये तक एकबार में बदलवाए जा सकते हैं। कब जारी हुआ था नोट?: 8 नवंबर, 2016 को मंगलयान की थीम वाला 2000 रुपये का नया नोट पेश किया गया था। दरअसल, उस वक्त 500 रुपये और हजार रुपये के नोट को बंद कर दिया गया था। जिसके बाद 500 रुपये और 2000 रुपये का नया नोट पेश किया गया। रिजर्व बैंक का मानना था कि 2000 रुपये का नोट 500 और हजार रुपये के नोट के वैल्यू की भरपाई जल्द कर देगा।

## योगी के जन्मदिन पर ताकत दिखाएंगे बृजभूषण

### जंतर मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों के झूठ को करेंगे बेनकाब



नई दिल्ली। मीडिया में यह खबरें तो दिखाई जा रही हैं कि कैसे जंतर मंतर पर विपक्ष के बड़े–बड़े नेता पहुँच कर पहलवानों की मांगों का समर्थन कर रहे हैं लेकिन यह कोई नहीं दिखा रहा कि बृजभूषण शरण सिंह के घर पहुँच कर देश के सुप्रतिष्ठित राष्ट्रीय–क्षेत्रीय संगठनों व अखाड़ों से जुड़े लोग, बड़े–बुजुर्ग, महिलाएं और युवा उन्हें निरंतर अपना समर्थन दे रहे हैं। इस बीच, खबर है कि महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन पर आगामी पांच जून को अयोध्या के रामकथा पार्क में एक रैली कर शक्ति प्रदर्शन करेंगे। सांसद बृजभूषण शरण सिंह के प्रतिनिधि संजीव सिंह ने कहा है कि इस महारैली में देश भर के बुद्धिजीवियों से इस बात पर चर्चा होगी कि गंभीर अपराध के मामलों में कानून के प्रावधानों का दुरुपयोग करने वालों से कैसे निपटा जाए।श् सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक संदेश में कहा गया है कि अयोध्या में एक ष्जन चेतना महारैलीष आयोजित की जाएगी जिसमें देशभर से संतों, महंतों, राजनीतिक लोगों, सामाजिक संगठनों और कानून के जानकारों को आमंत्रित किया गया है। संजीव सिंह ने बिना किसी का नाम लिए कहा कि जो लोग दबाव की राजनीति कर रहे हैं और कानून की खामियों का दुरुपयोग कर चरित्र हनन कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की जानी चाहिए ताकि कोई भी कानून का ष्उपकरणष के रूप में इस्तेमाल ना कर सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के 75 जिलों के साथ–साथ बिहार, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान के अलावा अन्य राज्यों से भी लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। इस रैली में 11 लाख लोगों को एकत्र करने का लक्ष्य रखा गया है। दूसरी ओर, महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में कैसरगंज सीट से भाजपा सांसद बृज भूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर देश के जो पहलवान दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे हैं उनसे मिलने आज राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट पहुँचे।

## सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण से ममता की दूरी! टीएमसी की ओर से यह नेता होंगी शामिल



कलकत्ता। कर्नाटक में 20 मई को नए मुख्यमंत्री के तौर पर सिद्धारमैया शपथ लेने जा रहे हैं। कांग्रेस में कर्नाटक की जबरदस्त जीत हुई थी। कांग्रेस शपथ ग्रहण समारोह को शक्ति प्रदर्शन के रूप में दिखाना चाहती हैं। इसलिए कांग्रेस की ओर से विपक्षी दलों के नेताओं को भी शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। विपक्ष के कई बड़े नेता इस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल भी होंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी को भी शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए कांग्रेस की ओर से आमंत्रित किया गया था। ममता बनर्जी ने कांग्रेस के इस निमंत्रण को स्वीकार किया। साथ ही साथ ममता बनर्जी ने सिद्धारमैया और कांग्रेस को कर्नाटक में सरकार बनाने के लिए बधाई भी दी। लेकिन कहीं ना कहीं ममता बनर्जी खुद इस शपथ ग्रहण समारोह से दूरी बनाती हुई दिखाई दे रही हैं। ममता बनर्जी की जगह सिद्धारमैया के शपथ ग्रहण समारोह में तृणमूल कांग्रेस की सांसद काकोली घोष दस्तीदार शामिल होंगी। इस बात की जानकारी तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रायन ने दी है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के मनोनीत मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके अन्य सहयोगियों ने कल शपथ ग्रहण के लिए टीएमसी अध्यक्ष और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करने के लिए बुलाया। उन्होंने अपनी शुभकामनाएं दीं और समारोह में भाग लेने के लिए लोकसभा में टीएमसी की उप नेता काकोली घोष दस्तीदार को नामित किया। ममता बनर्जी ने कर्नाटक में कांग्रेस की जीत के बाद पार्टी को बधाई देते हुए भाजपा पर जबरदस्त तरीके से प्रहार किया था। इतना ही नहीं, ममता बनर्जी लगातार विपक्ष की एकता से अपील भी कर रही हैं। हाल में ही ममता बनर्जी ने साफ तौर पर कहा था कि जहां भी कांग्रेस मजबूत है उनकी पार्टी उसे अपना समर्थन देगी। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, नेशनल कांफ्रेस के नेता फारूक अब्दुल्ला, बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और कुछ अन्य विपक्षी नेताओं को आमंत्रित किया गया है।

## ज्ञानवापी शिवलिंग के वैज्ञानिक सर्वे के आदेश पर सुप्रीम रोक, नहीं होगी कार्बन डेटिंग

नई दिल्ली। वाराणसी में काशी विश्नाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद में मिले कथित शिवलिंग के वैज्ञानिक सर्वे के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 मई को हिन्दू पक्ष की याचिका पर एएसआई को साइंटिफिक सर्वे का आदेश दिया था। एएसआई को वाराणसी की जिला जज की अदालत में 22 मई को पेश होकर सर्वे के तरीके पर चर्चा करनी थी। हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ गुरुवार को मुस्लिम पक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था।

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 32,000 शिक्षकों की नौकरियां रद्द करने के एकल पीठ के आदेश पर रोक लगाई



कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा प्रायोजित एवं सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों के लगभग 32,000 शिक्षकों की नौकरियां रद्द करने संबंधी आदेश पर शुक्रवार को सितंबर के अंत तक या अगला आदेश दिए जाने तक अंतरिम रोक लगा दी। कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने 12 मई को उन लगभग 32,000 उम्मीदवारों की नियुक्ति रद्द करने का आदेश दिया था, जिन्होंने 2014 की शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के आधार पर 2016 में एक चयन प्रक्रिया के माध्यम से प्राथमिक शिक्षकों के रूप में भर्ती होने के बाद प्रशिक्षण पूरा नहीं किया था। न्यायमूर्ति सुब्रत तालुकदार और न्यायमूर्ति सुप्रतिम भट्टाचार्य की खंडपीठ ने कहा, ''नौकरियां रद्द करने के आदेश पर सितंबर 2023 के अंत तक या अगला आदेश दिए जाने तक, जो भी पहले हो, अंतरिम रोक रहेगी।''

## किरेन रिजिजू ने संभाला पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का जिम्मा, विपक्ष को जवाब देते हुए कहा– गलती नहीं हुई, यह पीएम का दृष्टिकोण है

नई दिल्ली। किरेन रिजिजू ने आज पृथ्वी विज्ञान मंत्री के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को गुरूवार को कानून और न्याय मंत्रालय से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में स्थानांतरित कर दिया गया था। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष की आलोचनाओं पर भी करारा प्रहार किया। उन्होंने अपना पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत में बताया कि विपक्ष निश्चित रूप से मेरी आलोचना करेगा। विपक्ष मेरे खिलाफ बोल रहा है यह कोई नई बात नहीं है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यह स्थानांतरण कोई सजा नहीं है, यह सरकार की योजना है, यह पीएम मोदी का दृष्टिकोण है। रिजिजू ने आगे कहा, पीएम मोदी ने मुझे इससे पहले भी मुझे कई अलग–अलग विभागों की जिम्मेदारी दे चुके हैं। दरअसल, किरेन रिजिजू के मंत्रालय में बदलाव के बाद विपक्ष के कुछ नेताओं ने उनपर निशाना साधा था। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने रीजीजू को 'नाकाम मंत्री' कहा, वहीं वरिष्ठ वकील एवं राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने चुटकी लेते हुए कहा कि कानूनों के पीछे के विज्ञान को समझना आसान नहीं है। पूर्व कानून मंत्री सिब्बल ने कहा, ''अब कानून नहीं, पृथ्वी विज्ञान मंत्री। कानूनों के पीछे का विज्ञान समझना सरल नहीं है।

## कर्नाटक चुनाव खत्म हो चुका, बीजेपी के लोग बिहार से सबसे ज्यादा डरे हुए, राबड़ी देवी से ईडी की पूछताछ पर बोले तेजस्वी



पटना। राजद प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू यादव अपनी पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के तहत उनका बयान दर्ज करवाया। ईडी द्वारा राबड़ी देवी से पूछताछ पर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कहा कि इसमें आश्चर्य वाली क्या बात है। कर्नाटक चुनाव खत्म हो चुका है। भाजपा के लोग 2024(चुनाव) को लेकर सबसे ज्यादा बिहार से डरे हुए हैं। उसी को लेकर ये लोग कार्रवाई कर रहे हैं। अभी मेरा चार्जशीट में नाम नहीं है लेकिन हो सकता है सप्लीमेंट्री चार्जशीट कर दें और उसमें मेरा भी नाम जोड़ दें। तेजस्वी यादव ने कहा कि पहले भी ये सब हुआ है। जनता सब देख रही है, जान रही है। कोई फर्क नहीं पड़ता है। सांच को आंच की जरूरत नहीं होती। तेजस्वी यादव ने याद दिलाते हुए कहा कि कितनी बार रेड पड़ चुका है, कितनी जांच एजेंसियों ने रेड मारा उसका आंकड़ा नहीं है। जांच एजेंसी को भी नहीं पता होगा कि कितनी बार छापा मारा है। कितनी बार समन किया और कितनी बार केस क्लोज करके फिर ओपन कर दिया। ये भी डेटा उनके पास नहीं होगा। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मार्च में राजद प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद से नौकरियों के लिए जमीन मामले में पूछताछ की थी।

## हरियाणा के गृह मंत्री ने ज्यादा वजन वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन स्थानांतरित करने का आदेश दिया



चंडीगढ़। हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने बृहस्पतिवार को ज्यादा वजन वाले पुलिसकर्मियों को फिर से फिट होने तक पुलिस लाइन स्थानांतरित करने का आदेश दिया। विज ने गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को लिखित निर्देश जारी करते हुए कहा कि विभाग में कई पुलिस कर्मियों का वजन बढ़ गया है और उन्हें पुलिस लाइन में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, विज ने एसीएस (गृह) को निर्देश जारी किए कि जिन पुलिस कर्मियों का वजन बढ़ गया है और लगातार बढ़ता ही जा रहा है, उन्हें पुलिस लाइन में स्थानांतरित किया जाए ताकि वे वहां व्यायाम करके फिट हो सकें। बयान में कहा गया, यह देखा गया है कि पुलिस विभाग में कई पुलिस कर्मियों का वजन बढ़ गया है और समय के साथ–साथ उनका वजन और भी बढ़ रहा है। विज ने लिखा, पुलिस अधिकारियोंध्कर्मचारियों को फिट बनाए रखने के लिए मैं चाहता हूं कि अधिक वजन वाले सभी पुलिस अधिकारियोंध्कर्मचारियों को पुलिस लाइन में स्थानांतरित किया जाए और जब तक वे ड्यूटी के लिए फिट नहीं हो जाते, उनसे व्यायाम करवाएं। हरियाणा में पुलिसकर्मियों की स्वीकृत संख्या 75,000 है।






## सिसोदिया ने जेल से पत्र लिखकर शिक्षा की क्रांतिकारी शक्ति पर जोर दिया



नयी दिल्ली। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने तिहाड़ जेल से एक पत्र लिखकर शिक्षा की क्रांतिकारी शक्ति तथा समाज के वंचित वर्गों के उत्थान की आवश्यकता पर जोर दिया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्विटर पर यह पत्र साझा किया है। सिसोदिया ने अपने पत्र में प्रत्येक बच्चे को उनकी सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि पर ध्यान दिए बगैर समान अवसर उपलब्ध कराने तथा शिक्षा तक पहुंच की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री ने समाज के वंचित वर्ग के बच्चों की शिक्षा को नजरअंदाज करने के परिणामों पर गौर करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गरीब वर्ग को शिक्षा से वंचित करना न केवल असमानता कायम रखता है बल्कि यह नफरत और घृणा भी फैलाता है। उन्होंने पत्र में कहा, ''अगर हर गरीब को मिली किताब, तो नफरत की आंधी कौन फैलाएगा? सबके हाथों को मिल गया काम तो सड़कों पर तलवार कौन लहराएगा?'' उन्होंने पूछा, ''अगर हर किसी को मिल गयी अच्छी शिक्षा तो इनका 'व्हाट्सऐप विश्वविद्यालय' बंद हो जाएगा। पढ़े–लिखे और समझदारी की बुनियाद पर खड़े समाज को, कोई कैसे नफरत के मायाजाल में फंसाएगा।'' आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता ने शिक्षा से आने वाले सशक्तीकरण पर भी जोर दिया। विचारों और आकांक्षाओं को अभिव्यक्त करने के लिए कलम जैसे हथियारों की महत्ता बताते हुए सिसोदिया ने कहा, ''अगर पढ़ गया समाज का हर बच्चा, तो तुम्हारी चालाकियों और कुनीतियों पर सवाल उठाएगा।

# टोला प्लाजा पर विश्व हिन्दू महासंघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह का धरना ज्ञापन के साथ समाप्त

## दोषियों पर कार्रवाई न हुई तो अदालत तक जायेंगे. अखिलेश सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। गुरूवार 18 मई की रात्रि लगभग 10º45 बजे मड़वानगर टोल प्लाजा पर विश्व हिन्दू महासंघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह से टोला प्लाजा कर्मियों ने आधार कार्ड दिखाने के बाद भी अभ्रदता की गई। इसके विरोध में वे टोला प्लाजा के निकट रात्रि में ही धरने पर बैठ गये। उनके धरने पर बैठ जाने की सूचना के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरीए पूर्व विधायक दयाराम चौधरीए पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवालए राना दिनेश प्रताप सिंहए आशीष शुक्ला के साथ ही अनेक नेताए सामाजिक कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग किया। शुक्रवार की दोपहर में नायब तहसीलदार से वार्ता और दोषी टोल प्लाजा कर्मियों कार्रवाई पर



सहमति के बाद धरना समाप्त हो गया। विश्व हिन्दू महासंघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि टोल प्लाजा कर्मियों ने आधार कार्ड दिखाने के बावजूद उनके साथ अभद्रता किया। उन्होने मांग किया कि दोषियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराने के साथ ही 60 किलोमीटर के दायरे में तीन टोल प्लाजा वैध है या अवैध की जांच करानेए हाइवे के सर्विस लेन कट पर यदि अवैध वसूली हो रही है तो उसकी जांच कराकर कार्रवाई किया जाय। उन्होने चेतावनी के लहजे में कहा कि इस प्रकरण में प्रशासन ने यदि त्वरित कार्रवाई कर दोषियों को दण्डित न कराया तो वे प्रकरण को सक्षम न्यायालय तक ले जायेंगे।

लगभग 16 घंटे तक टोला प्लाजा पर चले धरने में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू महासंघ के महेश हिन्दुस्थानीए महंत गिरजेश दासए अमर जीत सिंहए मुन्ना सिंहए राजकुमार उर्फ मंटू चौधरीए सौरभ तिवारीए राकेश सिंहए चन्द्रमणि पाठकए शानूए डाण् परसुराम शाहनीए दीपक चौधरीए बाबा जाय प्रकाश दासए राहुल कमलापुरीए सचिन तिवारीए सतीश पाण्डेयए चन्द्रेश पाठकए देवेन्द्र सिंह बब्लूए अंकित सिंहए डब्लू सिंह रानाए संदीप कमलापुरीए गुड्डू गुप्ता के साथ ही विभिन्न संगठनों एवं राजनीतिक दलों के अनेक लोग शामिल रहे।

# लू भरे मौसम में शरीर को स्वस्थ रखना जरूरी

दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौला/बलरामपुर। बदलते मौसम और बढ़ते तापमान से परेशानियां बढ़ गई है।तेज धूप में घरों से बाहर निकलने पर लोग बीमारियों के चपेट में आ रहे हैं।इस प्रचंड गर्मी से ग्रामीणों को दुश्वारियां झेलनी पड़ती है।दोपहर के समय में सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है।इसके अलावा अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या में वृध्दि देखी जा रही है।बीमारियों से बचाव के लिए सीएचसी अधीक्षक डा०चन्द्र प्रकाश सिंह ने आवश्यक जानकारी देते हुए कहा है कि



लू से बचने के लिए भीषण धूप में निकलने से बचना चाहिए, बहुत जरूरी होने पर आप बाहर निकलते भी हें तो काटन के आरामदायक कपड़े पहनकर निकलें।साथ ही पूरे शरीर को ढककर निकलें।गर्मी के मौसम में देर तक धूप में घूमने से पसीना अधिक निकलता है जिससे पानी न पिया जाए तो शरीर में पानी की कमी हो सकती है।इससे आप डिहाइड्रेशन से ग्रस्त हो सकते हैं।शरीर में पानी की कमी होगी तो हीट स्ट्रोक ,लू लगने की संभावना बढ़ जाती है।ऐसे में जितना है सके तरल पदार्थ का सेवन करें।इस मौसम में खुद को हाइड्रेटेड रखना चाहिए,शरीर को अंदर से ठंडा रखने वाले शीतल पेय पदार्थों का सेवन करें डिहाइड्रेशन की समस्या होने पर आपको चक्कर ,थकान जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं इसलिए इस मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं।

### लू भरे मौसम में शरीर को स्वस्थ रखना जरूरी

दैनिक बुद्ध का संदेश

भोजन और पेय पदार्थों के संबध में जानकारी देते हुए सीएचसी अधीक्षक डा०चन्द्र प्रकाश सिंह ने कहा कि लू भरे इस मौसम में शरीर को स्वस्थ रखना बेहद जरूरी है।भीषण गर्मी में शरीर को अंदर से ठंडा रखना बेहद आवश्यक है।इसलिए गर्मियों में नारियल पानी के साथ मुसम्मी संतरे के जूस का भी सेवन करें।साथ ही साथ विटामिन सी वाले फलों का सेवन करने से बीमारियां पनपने का खतरा कम होता है।उन्होंने कहा कि गर्मी में बहुत अधिक तेल और मसालेदार भोजन करने से बचना चाहिए,लू हीट स्ट्रोक से बचने के लिए घर का बना फ्रेश खाना खाएं साथ ही डाइट में मौसमी हरी सब्जियों और फलों को खूब शामिल करें।

## महिला अभिभावक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। नारी को जब से दुनिया ने सम्मान दिया है नारी ने अपनी ताकत को पहचान लिया है।नारी ने सब पर बड़ा एहसान किया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं।कल तक अबला कहलाने वाली नारी आज सशक्त और निडर है। यदि आप सब जागरूक ना होते तो गांव के बच्चे इतने सजग और समझदार ना होते। यह बात राजन लाल सहायक अध्यापक ने कहीं। शनिवार को प्राथमिक विद्यालय बंसथी प्रथम में महिला अभिभावक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुषमा वर्मा, राजन लाल(स०अ०), वीरेंद्र कुशवाहा,आशादीप, अंकिता सिंह,स्नेहा विश्नोई और शन्नो देवी आदि उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह एवं शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी का हुआ आयोजन





दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज गोंडा। सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह एवं उन्नयन गोष्ठी का आयोजन डॉक्टर संपूर्णानंद प्रेक्षागृह टाउन हॉल गोंडा में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ गोंडा के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर सूर्यपाल सिंह जबकि विशिष्ट अतिथि एलबीएस पीजी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ आर बी सिंह बघेल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सूर्यपाल सिंह एवं अन्य अतिथियों ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सरजू प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि को जिला अध्यक्ष अजीत सिंह एवं जिला मंत्री राधामोहन पांडेय ने स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा शाल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ सूर्यपाल सिंह ने कहा कि अवकाश प्राप्त शिक्षक नए युग में प्रवेश किए हैं और अब आप स्वतंत्र रूप से समाज की सेवा करने के लिए खुद को तैयार करें सेवारत शिक्षकों के लिए उन्होंने कहा कि हमें समय के साथ खुद को अपडेट करते रहना चाहिए वर्तमान समय की गति बहुत तेज है अतः शिक्षकों को समय की गति से ही चलना होगा विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डा.आर बी सिंह बघेल ने अपने संबोधन ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है राष्ट्र निर्माण का संपूर्ण उत्तरदायित्व शिक्षकों पर ही निर्भर होता है। जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षक संगठन की रीढ़ रहे हैं उन्हें सम्मानित करते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि इन्हीं सेवानिवृत्त शिक्षक साथियों के बल पर संगठन ने शून्य से शिखर तक की यात्रा पूर्ण की है हम सब का कर्तव्य है कि उसे और ऊंचाइयों तक ले जाएं। जिला मंत्री राधामोहन पांडेय ने संगठन पर विस्तृत प्रकाश डाला और कहा कि शिक्षकों की लंबित समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर के निकट भविष्य में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने माध्यमिक, राजकीय, संस्कृत विद्यालयों उषा किरण वर्मा, राम शंकर मिश्र, अनिल कुमार सिंह, रामकिशोर यादव, मोहम्मद मोबीन खान, लक्ष्मी प्रसाद सिंह, अरुण कुमार सिंह, जय कुमार सिंह, अनंत देव वर्मा आदि दो दर्जन से अधिक सेवानिवृत्त शिक्षकों को अंग वस्त्र धार्मिक ग्रंथ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मजहर उल हक अंसारी ने किया। कार्यक्रम मे बंशीधर तिवारी, नवनीत शुक्ला, धर्मवीर सिंह, मनमोहन सिंह, पवन सिंह, बृजेंद्र प्रताप सिंह,डा. पवन प्रताप सिंह, गिरजा मिश्रा, कामिनी यादव, प्रतिभा त्रिपाठी, इंद्रजीत सिंह, विष्णुजीत सिंह, पवन कुमार सिंह, पंकज सिंह,राजेश कुमार सिंह, महीप सिंह, डॉ. पदम नाथ पांडेय, सुग्रीव प्रसाद, कन्हैयालाल अनिल सिंह, अनिल मिश्रा, राधेश्याम पांडे,अशोक कुमार, नवनीत शुक्ला, दीपक चौबे, तिलकराम वर्मा, रंजीत कुमार, सतीश कुमार, शैलेंद्र कुमार, ओंकार यादव, सरिता वर्मा, मनीष सिंह, राजेश चंद्र पांडे, चंद्र शेखर, अमित वर्मा शिक्षक उपस्थित रहे।

## डेढ़ लाख नगदी समेत लाखों के जेवर उड़ा ले गए चोर

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटियाथोक गोंडा। अज्ञात चोरों ने एक घर पर बोला धावा डेढ़



लाख नगदी समेत लाखों के जेवर किया पार मामला इटियाथोक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोसीशा के मजरा बेलवा शुक्ल से जुड़ा है गांव निवासी जियाउलहक उर्फ पिंटू के यहां बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया मेन दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसे चोरों ने कमरे में रखा डेढ़ लाख नगद करीब ढाई लाख के सोने चांदी के आभूषण उड़ा ले गए पीड़ित जियाउलहक ने बताया सुबह जब आंख खुली तो घर का सामान बिखरा पड़ा हुआ था जिसे देख पैरों तले जमीन खिसक गई जिसकी सूचना 112 को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक जांच पड़ताल किया है प्रभारी निरीक्षक एसके सरोज ने बताया की मामले में अभी तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है यदि पीड़ित द्वारा तहरीर दी जाती है तो जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी

## छावनी पुलिस ने सुरक्षा को लेकर बैंकों किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश



छावनी,बस्ती। पुलिस अधीक्षक बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी के आदेश के क्रम मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्रनाथ चौधरी के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी हर्रैया शेषमणि उपाध्याय के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश कुमार पांडेय के थाना स्थानीय पर की गई जन सुनवाई जन सुनवाई में थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए हुवे फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं का निस्तारण किया गया तथा जमीनी संबंधित विवादो को थाना समाधान दिवस पर बुलवाया गया और हल्का लेखपाल, कानूनगोय महोदय के माध्यम से समस्या का निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया तथा थानाध्यक्ष महोदय छावनी के द्वारा बैंक व ।ज्ड के चारों तरफ घूम कर निरीक्षण किया गया तथा संदिग्धा व्यक्तियों की चेकिंग की गई और बैंक पर लगे कर्मचारियों को बतलाया गया की बैंक के अंदर और बाहर अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को रोके और टोके तथा उनकी आईडी जरूर चेक करे।थाना छावनी आपकी सेवा में सदैव आपके साथ खड़े रहेगी।

## सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमण हटाने का हाईकोर्ट ने दिया आदेश

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा। लखनऊ हाईकोर्ट बेंच द्वारा उत्तर प्रदेश की ग्राम सभाओं की सरकारी संपत्ति जमीनों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने का अल्टीमेटम हाईकोर्ट ने यूपी सरकार को दिया है।जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने के आदेश राज्य सरकार को दिए गए हैं। न्यायालय ने प्रमुख सचिव, राजस्व को भी आदेशित किया है।कि वह इस सम्बंध में दिशा निर्देश जारी कर यह सुनिश्चित करें,कि सार्वजनिक जमीनें उन्हीं लोगों के उपयोग में आएं जिसके लिए वे राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज होना अनिवार्य होगा।उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने गोण्डा निवासी सदाराम की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया।विनय कुमार तिवारी एडवोकेट हाई कोर्ट लखनऊ याचिका कर्ता के अधिवक्ता द्वारा बताया गया।की गोण्डा के सीहा ग्राम सभा की रास्ते की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की गई थी।कोर्ट ने अवैध अतिक्रमण के मामलों को गम्भीरता से लेने के निर्देश दिए हैं।और दोषियों पर कार्रवाई करने की भी जिक्र किया गया है। न्यायालय ने नाराजगी जताते हुए कहा कि वर्ष 2008 में ही अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए गए थे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।दोषियों पर कार्रवाई के लिए आदेश की प्रति प्रमुख सचिव,राजस्व,जिलाधिकारी गोण्डा को तीन दिनों में भेजने का निर्देश जारी किए गए हैं।

## ईपीएस–95 पेंशनर को प्रांतीय सभा में आन्दोलन की रणनीति तय करेंगें

दैनिक बुद्ध का संदेश

लखनऊ। ईपीएस–95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति द्वारा 20 मई को चारबाग बस स्टेशन पर 11 बजे प्रांतीय सभा का आयोजन किया गया है जिसमें उत्तर प्रदेश के समस्त जिलोंध् मंडलों एवं प्रांत के पदाधिकारी भाग लेंगे। केन्द्र सरकार द्वारा बार बार आश्वासन देने के बाद भी न्यूनतम पेंशन में बढ़ोतरी न करने और उच्च पेंशन के नाम पर ईपीएफओ द्वारा परेशान करने से सभी पेंशनरों में रोष व्याप्त है। कर्नाटक चुनाव के नतीजों के बाद आन्दोलन की नयी रणनीति बनाने और देशभर में पेंशनरों को संगठित करने के लिए सभाओंध्प्रदर्शनों के कार्यक्रम की योजना प्रांतीय सभा में तैयार की जायेगी। सभा स्थल पर स्टेफको महासमिति द्वारा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

# बलरामपुर में डीएम ने किया बाढ़–राहत तैयारियों की समीक्षा

### बोल्डर, कटर, लूप कटिंग आदि कार्य का निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपी जाने के दिए निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। बलरामपुर में बाढ़, राहत एवं बचाव की तैयारियों के संबंध में बैठक डीएम डॉ. महेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक में डीएम ने राप्ती नदी के तट पर हो रहे बाढ़ निरोधक कार्यों बोल्डर कटर कार्य, लूप कटिंग कार्य, जियो ट्यूब, जियो बैग आदि कार्य का निरीक्षण करने के लिए एसडीएम को निर्देश दिए। साथ ही सभी की रिपोर्ट सौंपी जाने का निर्देश भी दिया।जिलाधिकारी महेंद्र कुमार ने कहा कि ऐसे तटबंध जो कि मरम्मत योग्य हैं, पिछले बाढ़ में क्षतिग्रस्त हुए हैं या उनमें रेट होल आदि हुए हैं, उसका सर्वे करते हुए मरम्मत बरसात से पूर्व कर लें। कहा कि तटबंधों पर झाड़ियां आदि हटा दी जाएं। तटबंधा की मरम्मत एवं झाड़ियां हटाने कार्य की रिपोर्ट एसडीएम सौंपेंगे। कहा कि ऐसे ग्राम पंचायत जो कि प्रति वर्ष बाढ़ से प्रभावित होते हैं, वहां ग्राम पंचायत स्तर पर नाव की खरीद ली जाए एवं जिला स्तर से उनको लाइफ जैकेट आदि प्रदान की जाए।उन्होंने बाढ़ चौकिया एवं बाढ़ निगरानी टीमों को सक्रिय कर लिए जाने का निर्देश दिया। बाढ़ से पूर्व भूसा टेंडर,नाव टेंडर, राहत सामग्री टेंडर आदि का टेंडर कर लिए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, डीएफओ,समस्त एसडीएम, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड जेके लाल, पीडी डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव,डीपीआरओ निलेश प्रताप सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला पूर्ति अधिकारी कुंवर दिनेश प्रताप सिंह, आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार सिंह, आपदा सहायक राजेश कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया वट सावित्री व्रत का त्यौहार जिसमें महिलाओं ने बरगद के पेड़ की पूजा की



दैनिक बुद्ध का संदेश

लखनऊ ।सावित्री व्रत त्यौहार धूमधाम से मनाया गया जिसमें महिलाओं ने बरगद के पेड़ की पूजा की महिलाओं द्वारा सज धज कर16 श्रृंगार कर बरगद पेड़ की पूजा अर्चना की इस त्योहार में मान्यता है कि बरगद के पेड़ की छाल में विष्णु और जड़ में ब्रह्मा और शाखाओं में शिव का प्रतीक माना जाता है और जो शाखाएं लटकी रहती हैं उसको मां सावित्री माना जाता है इसीलिए महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी उम्र व अपने संतान की लंबी उम्र के लिए इस त्यौहार को बड़े ही धूमधाम से पूरे भारत में मनाया जाता है जिसमें महिलाएं बरगद की पूजा करती हैं

## गोवध अधिनियम से अभियुक्त गिरफ्तार



दैनिक बुद्ध का संदेश

उतरौलाध्बलरामपुर। शुक्रवार को थानाध्यक्ष गैंड़ास बुजुर्ग गौरव सिंह तोमर के नेतृत्व में उ0नि0 पूर्णेश नारायण पाण्डेय मय टीम के द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 73/2023 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्तगण गुल मो0 पुत्र छोटी निवासी ग्राम छीटजोत थाना गैंडास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर उम्र करीब 35 वर्ष व अब्दुल वहाब पुत्र सद्दिक निवासी ग्राम रजा हन्नीडीह थाना को0 उतरौला जनपद बलरामपुर उम्र करीब 55 वर्ष को सुआव नाला बहद ग्राम फकीरी बनकट के पास से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।

# ग्राम चौपाल गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन






पंकज चौबे/
दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर।बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत खरिकौरा में स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में शुक्रवार को ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ब्लाक स्तर तक के सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में गांव की समस्या गांव में समाधान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें गांव के नागरिकों की समस्याओं को सुनने के साथ–साथ संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई।समीक्षा में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने गांव के राशन कार्ड धारकों से राशन मिलने, मनरेगा मजदूरी का भुगतान, वृद्धा, विधवा पेंशन, किसान सम्मान निधि, भूमि का वरासत ,पशु टीकाकरण, समूह का संचालन तथा भूमि पट्टा, प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को उज्जवला गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड सहित तमाम बिंदुओं की गहनता से समीक्षा किया। स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास आदि विभाग की बारी बारी समीक्षा में गांव के नागरिकों से पूछताछ कर कार्य होने न होने का सत्यापन किया। सामुदायिक शौचालय के प्रयोग के लिए हर दिन शौचालय का ताला सुबह शाम में खोले रखने के लिए निर्देशित किया। पूर्ति निरीक्षक को पात्र नागरिकों के राशन कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान लोगों द्वारा शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया। उक्त अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी रामू प्रसाद, सचिव महेश्वर पाण्डेय, एडीओ एजी कृषि रामसेवक, उमेश कुमार भारद्वाज, प्रधान प्रतिनिधि शिवा तिवारी, पंचायत सहायक रुचि मिश्रा, रोजगार सेवक प्रमिला तिवारी, लेखपाल दिवाकर चौधरी, मोहित चौधरी, ऐड़ियों एसवी जगजीवन प्रसाद, अभिषेक, लाल जी, राजाबाबू,वृजेश, प्रदीप,अनवर,शिव प्रसाद,राजन उपाध्याय, संतोष तिवारी,खोदाई, पूर्व प्रधान भुल्लू,देवतादीन,सुभाष चन्द्र तिवारी,रामजीत, आदि सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# जनपद में मशाल रैली के 21 मई एवं 22 मई को , शामिल होने की अपील: मुख्य विकास अधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। खेलों इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 की मशाल रैली के दिनांक 21 मई एवं 22 मई 2023 के सफल आयोजन के संबध में मुख्य विकास अधिकारीध्प्रभारी जिलाधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा मीडिया प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता की गयी। मुख्य विकास अधिकारीध्प्रभारी जिलाधिकारी जयेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रदेश के 04 जनपदों लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, वाराणसी, गोरखपुर एवं दिल्ली में पहली बार खेलों इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 के तृतीय संस्करण का आयोजन 25 मई से 05 जून 2023 तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त गेम्स के प्रचार–प्रसार हेतु 04 मशाल रैली प्रचार वाहन के साथ अलग–2 दिशाओं में दिनांक 05 मई 2023 को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ से श्री आदित्यनाथ योगी, मा0 मुख्यमंत्री उ०प्र० के कर कमलों द्वारा मशाल प्रज्ज्वलित कर रवाना की गयी है। मशाल रैलियां सम्पूर्ण प्रदेश में खेलों इण्डिया गेम्स 2022 के आयोजन का सार्वजनिक प्रचार–प्रसार करेंगी। इस कम में जिला सिद्धार्थनगर में मशाल रैली का आगमन दिनांक 21 मई 2023 दिन रविवार को निश्चित है।मुख्य विकास अधिकारीध्प्रभारी जिलाधिकारी जयेन्द्र कुमार ने बताया कि मशाल रैली




के 21 मई को बस्ती–सिद्धार्थनगर बार्डर से पी0डब्ल्यू०डी० रेस्ट हाउस आयेगी। दिनांक 22 मई 2023 प्रातः 6:00 बजे से 9:00 बजे तक मशाल रैली का स्टेडियम से शुभारम्भ होकर हाइडिल तिराहे से मुख्य विकास अधिकारी आवास के सामने से सिद्धार्थ चौक होते हुए विवेकानन्द तिराहे से ओवरब्रिज पार करते हुए सांड़ी तिराहे से वापस स्टेडियम पर सम्पन्न होगी। प्रातः 9:00 बजे से 10:00 बजे तक पी0डब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में नाश्ता। प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक लोहिया कला भवन में नेहरू युवा केन्द्र द्वारा युवा उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम । 12:00 बजे से 2:00 बजे तक बेसिक शिक्षा विभाग एवं खेल विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम। 22 मई 2023 को लोहिया कला भवन से अपरान्ह 2:00 बजे बांसी और बांसी से अपरान्ह 4:00 बजे आयोध्या सिद्धार्थनगर बार्डर से जनपद से जायेगी। 22 मई को अपरान्ह ध्12:00 बजे से 2:00 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु स्कूली बच्चों की टीमों द्वारा किया जायेगा। 2:00 बजे मशाल रैली वाहन को एस्कार्ट के साथ बांसी हेतु झण्डा दिखाकर रवाना होगी। 03.00 बजे से 4:00 बजे सरदार पटेल इण्टर कालेज बांसी में मशाल रैली का स्वागत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम। मुख्य विकास अधिकारीध्प्रभारी जिलाधिकारी जयेन्द्र कुमार ने कहा कि आप लोग अपने प्रिवार के साथ मसाल रैली में प्रतिभाग करे। खेलो इंडिया के अन्तर्गत लोगो को खेलो के प्रति जागरूक करे। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त जिला क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री, प्रिन्टध्इलेक्ट्रानिक मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## शपथग्रहण से पूर्व न०पं० को मिला एक करोड़ रुपये की पहली किस्त

दैनिक बुद्ध का संदेश
शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।शपथग्रहण से पूर्व शोहरतगढ़ नगर



पंचायत को स्थानीय विधायक विनय वर्मा की पहल पर नगर विकास विभाग एवं ऊर्जा मंत्री ए०के० शर्मा द्वारा शोहरतगढ़ नगर के विकास के लिए 1 करोड़ रुपए की धनराशि उपलब्ध कराई गई है। उक्त की जानकारी देते हुए विधायक विनय वर्मा ने कहा कि नगर के विकास हेतु हम सभी प्रयासरत हैं। माननीय मंत्री जी द्वारा शोहरतगढ़ नगर के विकास हेतु 1 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई है।

## न०पं० कर्मियों ने नवनिर्वाचित चौयरमैन से किया शिष्टाचार भेंट

दैनिक बुद्ध का संदेश
शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ नगर पंचायत के कर्मियों



ने नवनिर्वाचित चेयरमैन उमा अग्रवाल एवं उनके पति रवि अग्रवाल से शिष्टाचार भेंट कर शुभकामनाएं दी है। विदित हो कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष का अभी शपथग्रहण नही हुआ है, बावजूद वह नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास को लेकर रणनीति बना रहे है। नगर पंचायत के नीबी दोहनी में जेसीबी द्वारा कुला सफाई का कार्य लोगों के खूब वाहवाही लूट रहा है। इस दौरान लिपिक राजेश त्रिपाठी ,सफाई नायक श्रीनिवास, मुकेश सफाई नायक, कमलेश गुप्ता, ब्रह्मदेव प्रसाद गुप्त, सूरज निगम, मलखान, दुर्गेश अग्रहरी, गौरव शर्मा, अंकित गुप्ता, मनोज कुमार चौहान, अक्षय कसौधन, रम्भू लाइनमैन, अतुल रावत आदि मौजूद रहे।

## बीईओ ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश
डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज मदरसा शिक्षा परिषद



उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा संचालित सेकेंडरी, सीनियर सेकेंडरी, कामिल और फाजिल की परीक्षा सुचारू रूप से चल रहा है। बृहस्पतिवार की शाम पाली में खण्ड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में बनाये गये परीक्षा केंद्र डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज बढ़नी कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक कक्ष का निरीक्षण करते हुए बैठने की व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरे को भी देखा। उन्होंने उपस्थित और अनुपस्थित छात्रों की भी जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के बाद कहा कि नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। परीक्षा के बारे में जानकारी देते हुए केंद्र व्यवस्थापक सैफुद्दीन मलिक ने बताया कि आज सेकेण्डरी की परीक्षा में कुल 234 छात्र पंजीकृत थे। जिसमें 200 उपस्थित और 34 अनुपस्थित रहे। जबकि सीनियर सेकेंडरी, कामिल व फाजिल में कुल 331 छात्र पंजीकृत थे। जिसमें 303 उपस्थित और 28 अनुपस्थित रहे। उन्होंने आगे बताया कि नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए आंतरिक सचल दस्ते और निरीक्षण दस्ते का भी गठन किया गया है।

# विधायक विनय वर्मा ने नवनिर्वाचित चेयरमैन पति रवि अग्रवाल को दी शुभकामनाएं

### शोहरतगढ़ के नवनिर्वाचित चौयरमैन उमा अग्रवाल के पति है रवि अग्रवाल, निवर्तमान बोर्ड सदस्य के रूप में सभासद रह चुकी है उमा अग्रवाल

दैनिक बुद्ध का संदेश
शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने अपने जनसंपर्क कार्यालय पर नवनिर्वाचित चेयरमैन उमा अग्रवाल के प्रतिनिधि रवि अग्रवाल को अंगवस्त्र प्रदान कर एवं साफा पहनाकर उन्हें सम्मानित किया। बताते चले कि शुक्रवार को नवनिर्वाचित चौयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल अपने समर्थकों के साथ उनसे मुलाकात करने पहुँचे। उन्होंने विधायक विनय वर्मा को माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। जनसम्पर्क कार्यालय पर सुनवाई कर रहे विधायक विनय वर्मा ने उन्हें बधाई दी और मिठाई खिलाकर, अंगवस्त्र पहनाकर



सम्मानित किया। इसके साथ ही विधायक विनय वर्मा के बड़े भाई हरीश वर्मा ने भी उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मनित किया। इस दौरान विधायक विनय वर्मा ने कहा कि शोहरतगढ़ के विकास में जहाँ भी जरूरत पड़ेगी, हमेशा तैयार रहूँगा। उन्होंने बेहतर कार्य करने हुए उन्हें प्रोत्साहित भी किया। इस दौरान मुख्य रूप से रामदास मौर्य, हरिराम निषाद, लवकुश धर दूबे, संजय कसौधन, राम उजागिर तिवारी, नीलेश चौधरी, विजय गुप्ता, रत्नेश सोनी, विक्रान्त सिंह, विष्णु सिंह, प्रशान्त सिंह, सनी मद्धेशिया, हरीश वर्मा, मनीष श्रीवास्तव, विपिन सोनी, पंकज चौबे, रमेश शुक्ला, अभिलाष मिश्रा, मनोज तिवारी आदि मौजूद रहे।

## आमने–सामने आये तहसीलदार व लेखपाल संघ, वीडियो वायरल

दैनिक बुद्ध का संदेश
शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ तहसीलदार व लेखपाल



संघ के आमने–सामने आने का मामला नया नही है। पूर्व में भी तहसीलदार व लेखपाल संघ आमने सामने आ चुका है। शोहरतगढ़ तहसील सभागार में शुक्रवार को कृषि विभाग की मीटिंग के दौरान शोहरतगढ़ तहसीलदार व लेखपाल संघ के अध्यक्ष आपस मे भिड़े गये। कहासुनी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। विदित हो तहसील सभागार में कृषि विभाग की मीटिंग हो रही थी, जिसमें हाजिरी भरने को लेकर कहा–सुनी की बात सामने आ रही है, जिससे आपस में तहसीलदार व लेखपाल आमने सामने होते नजर आये। उक्त के सन्दर्भ में तहसीलदार राजेश प्रताप सिंह ने कहासुनी की बात को आपसी मैटर बताया और कहा कि सभी लेखपाल हमारे है। इसके साथ ही लेखपाल संघ अध्यक्ष आशीष संगम ने बताया हाजिरी भरने को लेकर मामला बढ़ा था, बहरहाल एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव की पहल पर मामला सामान्य है। इसके पूर्व भी लेखपालो ने प्रस्ताव पत्र में शोहरतगढ़ तहसीलदार द्वारा लेखपालों के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग व तानाशाही रवैया अपनाने को लेकर चेतावनी दी थी कि यदि तहसीलदार द्वारा अपनी भाषा शैली में सुधार नही किया जा रहा है तो उन्हें तहसीलदार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव करना पड़ेगा।

## इंटरपर्सनल संचार गतिविधि के तहत माता बैठक का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश
डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। भनवापुर। स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के



सहिजवार गांव में शुक्रवार को इंटरपर्सनल संचार गतिविधि के तहत बैठक आयोजित किया गया।बैठक में गांव की माता ,गर्भवती व धात्री महिलाओं को अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने जानकारी दी।बैठक में उपस्थित गर्भवती महिलाओं एवं धात्री महिलाओं को अधीक्षक डॉ ओझा ने कहा कि गर्भावस्था के 3 माह के भीतर पंजीकरण के साथ–साथ गर्भावस्था के दौरान ली जाने वाली फोलिक एसिड टेबलेट के फायदे , आयरन फोलिक एसिड टेबलेट के फायदे , कैल्शियम टेबलेट के फायदे तथा एल्बेंडाजोल टेबलेट के फायदे के विषय में वृहद स्तर पर जानकारी दी तथा प्रत्येक गर्भवती महिला को गर्भावस्था के दौरान कम से कम 4 बार प्रसव पूर्व जांच करवाने की सलाह के साथ–साथ प्रत्येक प्रसव पूर्व जांच में कम से कम पांच प्रकार की जांच करवाने की सलाह दी है।जिसमें हीमोग्लोबिन की जांच,यूरिन की जांच , बीपी की जांच, वजन तथा पेट की जांच शामिल है ।नवजात शिशु को 6 माह तक सिर्फ मां का दूध दिए जाने की बात की गई ।बैठक के दौरान दिलीप कुमार मिश्रा बीएमसी, एएनएम रागनी ,आशा इंदु बाला, मंजू, मीना,माधुरी,सीमा आदि उपस्थित रहे।

# विधायक विनय वर्मा ने सुनी लोगों की समस्याएं

### शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कस्बा स्थित जनसम्पर्क कार्यालय पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उसका निदान करने का दिया भरोसा

दैनिक बुद्ध का संदेश
शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कस्बा स्थित जनसम्पर्क कार्यालय पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उसका निदान करने का भरोसा दिया। इस दौरान लोगों ने उन्हें पत्र सौंपकर अपनी बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे इस तरह से जनसेवा और क्षेत्र विकास में समर्पित रहना एक असीम अनुभूति एवं अद्वितीय ऊर्जा देती है। मिली जानकारी के मुताबिक विधायक विनय वर्मा को शिकायत के रूप में जो भी पत्र मिलते हैं उनकी एक पत्रावली आदि बनाकर दूसरे दिन सभी विभागों में भेजी जाती है,जिससे शीघ्र लोगों



को न्याय मिल सके और उनके समस्याओं का निराकरण किया जा सकें। इस दौरान नवनिर्वाचित चौयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, रामदास मौर्य, हरिराम निषाद, लवकुश धर दूबे, संजय कसौधन, ओम प्रकाश जायसवाल, राम उजागिर तिवारी, नीलेश चौधरी, विजय गुप्ता, रत्नेश सोनी, विक्रान्त सिंह, विष्णु सिंह, प्रशान्त सिंह, सनी मद्धेशिया, हरीश वर्मा, मनीष श्रीवास्तव, विपिन सोनी, पंकज चौबे, रमेश शुक्ला, अभिलाष मिश्रा, मनोज तिवारी समेत संगठन के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

**इसका अर्थ यह है कि भाजपा ने अपने मुद्दों पर मतदाताओं के जिन हिस्सों को गोलबंद किया है, वह बाकी तमाम मसलों को दरकिनार कर पार्टी के साथ बने हुए हैं। ऐसा ही संकेत हाल में देश के अन्य हिस्सों में हुए तमाम चुनावों में भी मिला है। इसलिए कर्नाटक में जीत के उत्साह में यह सोच लेना अब देश में नैरेटिव बदल गया है ...**

## ये नतीजे जो बताते हैं



अगर एक दूसरे प्रस्थान बिंदु से देखें, तो कहा जा सकता है कि महंगाई और अन्य आर्थिक समस्याओं, कुशासन और भ्रष्टाचार जैसे ठोस मुद्दों के बावजूद भाजपा अपने वोट आधार को बचाए रखने में लगभग सफल रही है। कर्नाटक विधानसभा के चुनाव परिणाम से ना सिर्फ कांग्रेस, बल्कि पूरे भाजपा विरोधी खेमे का उत्साहित होना लाजिमी है। आखिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के अन्य नेताओं की हिंदुत्व को और उग्र रूप देने की कोशिश वहां कामयाब नहीं हो सकी। साथ ही पिछले तीन साल में वहां भाजपा सरकार ने जिस तरह से सांप्रदायिक उबाल को बनाए रखा, वह भी काम नहीं आया। इतना सब कुछ होने के बावजूद भाजपा के वोट प्रतिशत में मामूली–सी सेंध लग गई। लेकिन यहां इस हकीकत के प्रति भी विपक्ष को अवश्य आगाह रहना चाहिए कि यह सेंध मामूली ही है। अगर दूसरे प्रस्थान बिंदु से देखें, तो कहा जा सकता है कि महंगाई और अन्य आर्थिक समस्याओं, कुशासन और भ्रष्टाचार जैसे ठोस मुद्दों के बावजूद भाजपा अपना वोट आधार बचाए रखने में लगभग सफल रही है। इसका अर्थ यह है कि भाजपा ने अपने मुद्दों पर मतदाताओं के जिन हिस्सों को गोलबंद किया है, वह बाकी तमाम मसलों को दरकिनार कर पार्टी के साथ बने हुए हैं। ऐसा ही संकेत हाल में देश के अन्य हिस्सों में हुए तमाम चुनावों में भी मिला है। इसलिए कर्नाटक में जीत के उत्साह में यह सोच लेना अब देश में नैरेटिव बदल गया है और 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सामने प्रतिकूल स्थितियां होंगी, गलत आकलन होगा। कम से कम यह तो जरूर कहा जा सकता है कि ऐसे आकलन को अभी सिर्फ जल्दबाजी या अति–उत्साह कहा जा सकता है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि शनिवार को ही उत्तर प्रदेश के दो विधानसभा उपचुनावों के साथ–सथ स्थानीय निकाय चुनावों के भी परिणाम भी आए। इनमें भाजपा गठबंधन को भारी जीत मिली। इसलिए सारे देश में सियासी माहौल बदल जाने की बात निराधार है। वैसे भी कर्नाटक में कांग्रेस एक मजबूत समर्थन आधार के साथ मैदान में उतरी थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी उसे भाजपा से लगभग 2.5 प्रतिशत वोट अधिक मिले थे। इस बार उसके वोटों में बढ़ोतरी जेडी (एस) की कीमत पर हुई। स्पष्ट है, उसे भाजपा का मुख्य प्रतिद्वंद्वी होने का लाभ मिला। स्पष्टतरू कर्नाटक का परिणाम स्थानीय समीकरणों से तय हुआ।

## आत्मा की पवित्रता से परमात्मा मिल जाते हैं

एक यक्ष प्रश्न कि ईश्वर की प्राप्ति किस तरह संभव है! इस धरती के प्रत्येक कण में विद्यमान परमात्मा की प्राप्ति का मार्ग भक्ति है। मनुष्य को सच्चे अर्थों में मनुष्यता की तरह आत्मा ही प्रवृत्त करती है। आत्मा अजर और अमर है। यह शरीर धारण करती है। शरीर पापी होता है आत्मा नहीं। बुरे कर्मों को करते हुए आत्मा, शरीर रूपी व्यक्ति को सदैव धिक्कारती है। आत्मा चेतन तत्व है। वह प्रमाद नहीं उत्पन्न करती है। अहंकार को उत्पन्न करने वाला कारक तत्व मन है। चित्त की चंचलता व्यक्ति को कुमार्ग की ओर मुखातिब करती है जबकि आत्मा की पवित्रता , शरीर रूपी हाड़ , मांस के पुतले को महान बनाती है।

सत, चित्त और आनंद के समन्वय से परम तत्व अर्थात ब्रह्मानंद की प्राप्ति होती है। सच्चिदानंद ही परिष्कृत और परिमार्जित रूप हैं। वे ही ईश्वर हैं। ईश्वर , शिव के पर्याय हैं। भगवान शिव ने ही विखंडन के द्वारा इस ब्रह्मांड की सार्वभौमिक नश्वरता को प्रतिपादित किया है। आत्मा की शुद्धता से ईश्वर का साक्षात्कार संभव है। आत्मा की शुद्धता एक दिन में निर्मित होने वाली विषय वस्तु नहीं है बल्कि सतत साधना और भक्त वत्सलता से परम तत्व की अनुभूति संभव है। शिवत्व के रूप में लोग भगवान शिव की कृपा के पात्र होते हैं शिव सूक्ष्म तत्व हैं जबकि माया स्थूल है। शिव रहेंगे यह धरती रहे चाहे न रहे। मनुष्य के इतर भी कोई दुनिया होगी तो वहां भी शिव हैं। वे ही जगत नियंता भगवान भोलेनाथ हैं।



लेखक विनय कांत मिश्र/ दैनिक बुद्ध का संदेश

## अमेरिका से मिली नसीहत

**हमारे देश के ही गांधीजी थे, जिन्होंने द.अफ्रीका में नस्लभेद के खिलाफ आवाज उठाई थी और आगे चलकर जब जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने गांधीजी से मिलना चाहा, तो उन्होंने इंकार कर दिया। क्योंकि हिटलर ने नस्ल और वर्ण की शु)ता के नाम पर अमानवीय अत्याचार की आग में जर्मनी को झोंका था। अगर भारत में धार्मिक स्वतंत्रता के संविधानप्रदत्त अधिकार के बावजूद अल्पसंख्यकों को किसी ...**

अब की बार ट्रंप सरकार का नारा अमेरिका में लगा कर आने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो साल बाद फिर से बाइडेन सरकार के कार्यकाल में अमेरिका जाने वाले हैं। जून में उनकी यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के निमंत्रण पर होने वाली है। प्रधानमंत्री मोदी 21 जून को न्यूयॉर्क में एक योग कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। और 22 जून को अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी पत्नी ने भारतीय प्रधानमंत्री के सम्मान में भोज का आयोजन किया है। यह राजनैतिक शिष्टाचार है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को विश्व का सबसे प्रभावशाली नेता साबित करने में लगे लोग इसे भी वाहवाही के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे प्रधानमंत्री के मित्र बराक और डोनाल्ड के बाद जो का मित्रवत भोज निमंत्रण कह सकते हैं। वैसे अमेरिकी राष्ट्रपतियों से प्रधानमंत्री की गहरी दोस्ती के किस्से गढ़े जाने से पहले एक नजर उस नसीहत पर डाल लेना उचित होगा, जो अमेरिका से एक रिपोर्ट के तौर पर आई है। अमेरिका दुनिया भर में धार्मिक स्थिति का दस्तावेजीकरण करते हुए अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी करता है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता की वर्ष 2022 की रिपोर्ट में भारत के लिए जो विचार अमेरिका ने रखे हैं, वो चिंता उपजाने वाले हैं कि हमारी छवि किस तरह दागदार हो रही है। अमेरिकी गृह मंत्री एंथनी ब्लिंकन ने सोमवार को इस रिपोर्ट को जारी किया, जिसमें साफ तौर पर कहा जा रहा है कि भारत में धार्मिक समुदायों को निशाना बनाया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि अमेरिका ने पहली बार इस रिपोर्ट में भारत का जिक्र किया है। पिछले चार सालों से इस रिपोर्ट में किसी न किसी तरह भारत में धार्मिक स्वतंत्रता में आ रही गिरावट को रेखांकित किया गया है। लेकिन मोदी सरकार इसे खारिज करती आई है। इस साल की रिपोर्ट में भी रूस, चीन, सऊदी अरब समेत कई देशों में धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर चिंता जतलाई गई है और इसमें भारत का भी नाम है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता कार्यालय के राजदूत रशद हुसैन ने रिपोर्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत के हरिद्वार में धार्मिक समुदायों के नेताओं ने मुसलमानों के खिलाफ अत्यधिक नफरत फैलाने वाला भाषण दिया। इस घटना का जिक्र करते हुए भारत को बहुलतावाद और सहिष्णुता की अपनी ऐतिहासिक परंपराओं को बनाए रखने का आह्वान किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के कई राज्यों में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ सरकारी एजेंसियां दमन और जुल्म का अभियान चला रही हैं। 2022 में ऐसी कई रिपोर्ट सामने आई है। गुजरात में सादी वर्दी में पुलिस ने सार्वजनिक रूप से अक्टूबर में एक त्योहार के दौरान चार मुस्लिम लोगों को पीटा। मध्यप्रदेश सरकार ने अप्रैल में खरगोन में सांप्रदायिक हिंसा के बाद मुस्लिमों के घरों और दुकानों पर बुलडोजर चला दिया। रिपोर्ट में संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान का जिक्र करते हुए कहा गया है कि 2021 में भागवत ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि देश में हिंदुओं और मुसलमानों के साथ धर्म के आधार पर अलग व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए और गोहत्या के लिए गैर–हिंदुओं को मारना हिंदू धर्म के खिलाफ एक कृत्य है। लेकिन जैसा कि बताया गया है कि मुसलमानों के साथ जो घटनाएं होती हैं वो इन बयानों को झुठला देती हैं। रिपोर्ट में 2022 की घटनाओं पर चिंता जतलाई गई है, जबकि 2023 के पांच महीनों में द केरला स्टोरी से लेकर बजरंग बली की जय वाला प्रचार अभियान, रामनवमी पर हिंसा, भिवानी में गौ रक्षा के नाम पर जुनैद और नासिर की हत्या जैसी कई बड़ी घटनाएं देश में हो चुकी हैं। अगले पांच–छह महीनों में हालात कैसे रहने वाले हैं, कुछ कहा नहीं जा सकता, क्योंकि वक्त चुनावों का है। मोदी सरकार चाहे तो अपनी सुविधा देखते हुए रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दे, वैसे पहले की रिपोर्ट्स तो नकार दी गई हैं। हालांकि कई बार अपना चेहरे की गड़बड़ियां खुद को समझ नहीं आती, उसके लिए या तो आईना देखना पड़ता है या फिर दूसरों की राय सुननी पड़ती है। अमेरिका ने तो शायद मित्रवत व्यवहार में आईना ही दिखाया है। क्योंकि अमेरिका आर्थिक, सामरिक, कूटनीतिक कई तरीकों से भारत का निकट सहयोगी बन रहा है। जी–20, क्वाड जैसे संगठनों में अमेरिका और भारत साथी हैं। चीन की साम्राज्यवादी नीतियों और महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा पर अंकुश लगाने की जितनी जरूरत भारत को है, उतनी ही अमेरिका को भी है। आतंकवाद के भुक्तभोगी दोनों देश रहे हैं और इस वैश्विक समस्या से निपटने के लिए दोनों देशों को एक–दूसरे की जरूरत है। इसलिए मोदी सरकार इस रिपोर्ट को अगर इस बार भी नकारती है, तो ऐसा करने से पहले एक बार उसे सारे बिंदुओं पर गंभीरता से सोचना चाहिए। भारत की छवि दुनिया में हमेशा से उदार और प्रगतिशील विचारों वाले देश की रही है। हमारे देश के ही गांधीजी थे, जिन्होंने द.अफ्रीका में नस्लभेद के खिलाफ आवाज उठाई थी और आगे चलकर जब जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने गांधीजी से मिलना चाहा, तो उन्होंने इंकार कर दिया। क्योंकि हिटलर ने नस्ल और वर्ण की शुद्धता के नाम पर अमानवीय अत्याचार की आग में जर्मनी को झोंका था। अगर भारत में धार्मिक स्वतंत्रता के संविधानप्रदत्त अधिकार के बावजूद अल्पसंख्यकों को किसी न किसी तरह निशाने पर लिया जाएगा, तो देश ही नहीं, दुनिया में सरकार पर सवाल उठेंगे। अमेरिका ने जो नसीहत अपनी रिपोर्ट के जरिए भारत सरकार को दी है, उस पर विचार करने की जरूरत है।

## राष्ट्रीय गठजोड़ के फेर में विपक्ष न पड़े!

**इन राज्यों में अगर समूचा विपक्ष एक होकर लड़ता है तो हो सकता है कि उसको ज्यादा सीट मिल जाए या सारी सीटें मिल जाएं लेकिन इसके दो फॉलआउट होंगे, भाजपा वहां की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बनेगी और कांग्रेस का आधार बहुत कमजोर हो जाएगा। जो काम भाजपा इन राज्यों में आजतक नहीं कर पाई है वह काम हो जाएगा। दूसरा, जिन राज्यों में भाजपा मजबूत है और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण ...**

अजीत द्विवेदी

राष्ट्रीय गठबंधन एक मिथक–1: लोकतांत्रिक राजनीति की एक सचाई है कि इसमें विपक्ष जीतता नहीं है, बल्कि चुनी हुई सरकारें हारती हैं। इसलिए विपक्ष का एकजुट होना या राष्ट्रीय गठबंधन बना कर चुनाव जीत लेना एक मिथक की तरह है। हर चुनी हुई सरकार अपनी हार की जमीन खुद तैयार करती है और विपक्ष एकजुट हो या न हो सरकार हार जाती है। कर्नाटक का चुनाव मिसाल है, जहां विपक्ष की आधा दर्जन पार्टियां अलग अलग चुनाव लड़ रही थीं और फिर भी भाजपा को हारना था तो वह हार गई। विपक्ष की एकता बनाने के लिए जिन चुनावों की मिसाल दी जाती है उनमें भी सरकार विपक्ष की एकता से नहीं हारी थी। बोफोर्स के मुद्दे पर हुआ 1989 का चुनाव भी सभी पार्टियां अलग अलग लड़ी थीं। जनता परिवार की पार्टियां जरूर एक हुई थीं लेकिन भाजपा, वामपंथी पार्टियां और दक्षिण भारत के दल अलग अलग लड़े थे। फिर भी राजीव गांधी की प्रचंड बहुमत वाली सरकार हार गई थी। विपक्ष जीता नहीं था। क्योंकि विपक्ष के सबसे बड़े गठबंधन को भी सिर्फ 143 सीटें मिली थीं, जबकि हारी हुई कांग्रेस ने 197 सीटें जीती थीं। बाद में वीपी सिंह ने भाजपा और लेफ्ट के समर्थन से सरकार बनाई थी। उसके बाद 2004 में भी कोई गठबंधन नहीं हुआ था। लगभग सभी विपक्षी पार्टियां अलग अलग लड़ी थीं और फीलगुड व इंडिया शाइनिंग के मुगालते में भाजपा हार गई थी। चुनाव नतीजों के बाद सरकार बनाने के लिए यूपीए का गठन किया गया था। तभी यह बहुत दिलचस्प है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद यह चर्चा तेज हो गई है कि अगर विपक्षी पार्टियां एक हो जाती हैं और हर सीट पर भाजपा के खिलाफ विपक्ष का एक उम्मीदवार होता है तो भाजपा को हराया जा सकता है। यह दिलचस्प इसलिए है क्योंकि कर्नाटक में कांग्रेस बिना विपक्षी एकता के जीती है। सोचें, जहां त्रिकोणात्मक संघर्ष होने की वजह से भाजपा हारी है वहां के नतीजे के बाद आमने सामने की लड़ाई बनवाने की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है! बहरहाल, यह सुनने में बहुत अच्छा लगता है कि हर सीट पर विपक्ष का एक उम्मीदवार हो या वन ऑन वन चुनाव होना चाहिए। लेकिन यह व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है और राजनीतिक रूप से इसके सफल होने की कोई गारंटी नहीं है। राजनीति में हमेशा एक और एक मिल कर दो हों या 11 हो जाएं यह जरूरी नहीं है। कई बार एक और एक मिल शून्य हो जाता है, जैसे कर्नाटक में 2019 के लोकसभा चुनाव में हुआ था। कर्नाटक में 2018 के विधानसभा चुनाव में त्रिकोणात्मक मुकाबला हुआ था, जिसमें कांग्रेस को 38.14 फीसदी और जेडीएस को 18.30 फीसदी वोट मिले थे। कांग्रेस ने 80 और जेडीएस ने 37 सीट जीती थी। भाजपा को 36 फीसदी वोट और 104 सीटें मिली थीं। साधारण गणित के नजरिए से देखें तो कांग्रेस और जेडीएस का साझा वोट करीब 57 फीसदी बनता है और सीटें 117 हो जाती हैं। यह तब हुआ, जब दोनों अलग लड़े। इसके बाद 2019 में दोनों तालमेल करके लड़े और दोनों को मिला कर सिर्फ 39 फीसदी वोट आए और दो ही सीटें मिलीं। भाजपा को 52 फीसदी वोट मिले और उसने 25 सीटें जीतीं। जानकार राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर कांग्रेस और जेडीएस अलग अलग लड़े होते तो दोनों को सात से नौ सीटें मिल सकती थीं, जैसा 2014 के चुनाव में हुआ था। तब कांग्रेस को नौ और जेडीएस को दो सीट मिली थी। कर्नाटक के आंकड़ों की मिसाल देकर एक तस्वीर बनाने का मकसद यह बताना है कि हर जगह साथ लडना चुनाव जीतने की गारंटी नहीं है। कई राज्यों का राजनीतिक और सामाजिक समीकरण ऐसा है कि अगर समूचा विपक्ष एक हो जाए तो भाजपा के लिए मैदान खाली हो जाएगा। इसलिए अगर विपक्ष अगले लोकसभा चुनाव की प्रभावशाली रणनीति बनाना चाहता है तो उसे राज्यवार रणनीतिक गठबंधन के बारे में सोचना होगा। निश्चित रूप से एक बड़ा राष्ट्रव्यापी गठबंधन होना चाहिए लेकिन सीटों का तालमेल या एडजस्टमेंट अलग अलग राज्यों के लिए अलग अलग होना चाहिए। इस बात को दक्षिण भारत के कुछ राज्यों के समीकरण से समझा जा सकता है। पिछले कुछ चुनावों के नतीजों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश को छोड़ कर बाकी तीन राज्यों में अगर विपक्ष एकजुट होकर लड़ता है तो तीन स्थितियां बनेंगी, या तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा या विपक्ष को आंशिक फायदा होगा या भाजपा को फायदा हो जाएगा। राष्ट्रीय गठबंधन बनाने और हर सीट पर आमने सामने का मुकाबला बनवाने के लिए बहुत मेहनत करने की बजाय विपक्षी पार्टियों को अलग अलग राज्य के लिए अलग अलग रणनीति पर विचार करना चाहिए, सरकार की कमियों को उजागर करना चाहिए और वैकल्पिक एजेंडा तय करने पर माथापच्ची करनी चाहिए। अपनी अपनी महत्वाकांक्षा में भागदौड़ कर रहे नेताओं को यह ध्यान रखना चाहिए कि एक साइज का जूता सबके पैर में फिट नहीं हो सकता है। एक चुनावी रणनीति जो एक राज्य में चलेगी, वह दूसरे में चले ऐसा जरूरी नहीं है। हर राज्य का सामाजिक समीकरण अलग होता है और राजनीतिक सचाई भी अलग होती है। इस बात का ध्यान रखते हुए रणनीति बनानी होगी। इससे प्रभावित होने की जरूरत नहीं है कि ममता बनर्जी के सुर बदल गए या के चंद्रशेखर राव भी गठबंधन के लिए तैयार हो गए। दोनों की अपनी समस्याएं हैं, चिंताएं हैं, जिसकी वजह से वे नरम पड़े हैं।

सो, अब सवाल है कि यह कैसे पता चलेगा कि कहां विपक्ष को क्या रणनीति अपनानी चाहिए? कहां उसे हर सीट पर भाजपा के खिलाफ एक उम्मीदवार देना चाहिए और कहां बहुकोणीय लड़ाई होने देनी चाहिए? यह बहुत मुश्किल नहीं है। इसके कुछ बुनियादी सिद्धांत हैं। पहला, जिन राज्यों में भाजपा मजबूत ताकत नहीं है और अपनी जगह बनाने के लिए स्ट्रगल कर रही है वहां बड़े विपक्षी गठबंधन की जरूरत नहीं है। केरल, तेलंगाना, पंजाब आदि इसकी मिसाल हैं। इन राज्यों में अगर समूचा विपक्ष एक होकर लड़ता है तो हो सकता है कि उसको ज्यादा सीट मिल जाए या सारी सीटें मिल जाएं लेकिन इसके दो फॉलआउट होंगे, भाजपा वहां की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी बनेगी और कांग्रेस का आधार बहुत कमजोर हो जाएगा। जो काम भाजपा इन राज्यों में आजतक नहीं कर पाई है वह काम हो जाएगा। दूसरा, जिन राज्यों में भाजपा मजबूत है और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की संभावना प्रबल है वहां विपक्ष का एकजुट होकर लडना भाजपा को फायदा पहुंचाएगा क्योंकि वहां भाजपा यह नैरेटिव बना सकती है कि मोदी को रोकने के लिए मुस्लिमपरस्त पार्टियां एक हो गई हैं। पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, झारखंड, असम आदि राज्य इस श्रेणी में आते हैं।



# विरोध प्रदर्शन कर रहे पहलवानों से मिले सचिन पायलट, मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की

दिल्ली के जंतर–मंतर पर रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों का विरोध प्रदर्शन जारी है। कांग्रेस नेता सचिन पायलट पहलवानों से मिलने जंतर–मंतर पहुंचे। इस दौरान सचिन पायलट ने कहा कि हमारे खिलाड़ी जिस न्याय की मांग कर रहे हैं उसमें हम इतना ही चाहते हैं कि निष्पक्ष जांच हो। मैं उम्मीद करता हूं कि इनकी और हमारी मांगों को जल्द माना जाएगा। पहलवानों के विरोध प्रदर्शन को लेकर कांग्रेस नेता लगातार केंद्र के मोदी सरकार पर हमलावर है। इतना ही नहीं, प्रियंका गांधी ने भी इन पहलवानों से मुलाकात की थी और इन समस्याओं को सुना था। इसके अलावा हरियाणा कांग्रेस के नेता लगातार इन प्रदर्शनों में शामिल हो रहे हैं। ऐसे में सचिन पायलट का यहां आना भी कहीं ना कहीं बड़ा कदम माना जा सकता है।




ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक तथा एशियाई खेलों की स्वर्ण विजेता विनेश फोगाट सहित भारत के शीर्ष पहलवान पिछले 28 दिनों से यहां जंतर–मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा था कि जंतर–मंतर पर पहलवानों का प्रदर्शन कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि न्याय की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर खिलाड़ियों का समर्थन करना चाहिए क्योंकि ये वे खिलाड़ी हैं जिन्होंने देश के लिए गौरव हासिल किया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने ट्वीट कर कहा, अपनी कड़ी मेहनत और लगन से देश व अपने परिवार का नाम रोशन करने वाली महिला खिलाड़ियों के आंसू देखकर बहुत दुख होता है। इनकी सुनवाई हो और न्याय किया जाए।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री को बृजभूषण से इस्तीफा लेना चाहिए। उन्होंने ट्वीट कर कहा, ''यह वाकई शर्मनाक है! प्रधानमंत्री कर्नाटक में नारी शक्ति की बात करते हैं और दिल्ली में देश का नाम रोशन करने वाली बेटियों पर अत्याचार हो रहा है। चुप्पी तोड़ो, बृजभूषण से इस्तीफा लो!'' कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री को संवेदनशीलता दिखाते हुए इन पहलवानों से मुलाकात करनी चाहिए। उन्होंने ट्वीट किया, ''प्रधानमंत्री जी, आपको इन पहलवानों के पास जंतर मंतर पहुंचने में सिर्फ 15 मिनट लगेगा। कुछ संवेदनशीलता दिखाइए। कृपया दुनिया को यह मत कहने दीजिए कि भारत सरकार ने देश की बेटियों के विश्वासघात किया है।''

# कंपाउंड तीरंदाज ओजस और ज्योति ने पदक पक्का किया, फाइनल में मुकाबला कोरिया से



शंघाई। भारत की कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने शुक्रवार को यहां फाइनल में जगह बनाकर विश्वकप के दूसरे चरण में पदक पक्का किया लेकिन रिकर्व तीरंदाजों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। ओजस देवताले और ज्योति सुरेखा वेनम की भारतीय जोड़ी ने एक रोमांचक सेमीफाइनल में इटली की अपनी प्रतिद्वंदी टीम को 157–157 (19′–19) से हराकर विश्व कप में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। भारत की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी का सामना शनिवार को होने वाले फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया से होगा। पिछले महीने अंताल्या में विश्वकप के पहले चरण में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारतीय जोड़ी की फाइनल में यहां कड़ी परीक्षा होगी। भारतीय जोड़ी ने प्री–क्वार्टर फाइनल में बांग्लादेश को 158–151 से आसानी से पराजित किया, जबकि अगले दौर में उन्होंने तुर्की की मजबूत टीम पर 157–156 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में इटली की एलिसा रोनर और एलिया फ्रीगनन ने पहले चक्र में परफेक्ट 40 का स्कोर बनाते हुए एक अंक की बढ़त हासिल की। इटली की टीम ने तीसरे चक्र में 40 का स्कोर बनाया और अपनी बढ़त दो अंकों (117–119) की कर दी। लेकिन ओजस और ज्योति ने बेहतरीन वापसी की और चौथे दौर में 40 का स्कोर बनाकर मुकाबले को शूट ऑफ तक खींच दिया जिसमें भारतीय जोड़ी के तीर केंद्र के अधिक करीब रहे और इस आधार पर उसने फाइनल में जगह बनाई। लेकिन ओलंपिक में शामिल रिकर्व स्पर्धा में भारत को निराशा हाथ लगी। धीरज बोम्मदेवरा और सिमरनजीत कौर की पांचवीं वरीयता प्राप्त रिकर्व जोड़ी अपने पहले मैच में इंडोनेशिया से 2–6 (39–35, 37–39, 37–38, 34–35) से हार गई। अपनी रैंकिंग के आधार पर बाई हासिल करके दूसरे दौर (प्री क्वार्टर फाइनल) में जगह बनाने वाले भारतीय जोड़ी इंडोनेशिया के खिलाफ शुरू में 2–0 से आगे थी लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सकी और अपने से कम रैंकिंग वाली टीम से हार गई।

# केकेआर पर जीत से लगातार दूसरे साल प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेगा लखनऊ

कोलकाता। फुटबॉल की स्थानीय दिग्गज टीम मोहन बागान के रंग की जर्सी पहनकर ईडन गार्डन्स पर उतरने के लिए तैयार लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम शनिवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ जीत दर्ज करके लगातार दूसरे साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाना चाहेगी। केकेआर के लिए यह सत्र अच्छा नहीं रहा है और उसकी टीम विजयी संयोजन तैयार करने में नाकाम रही है। इसका परिणाम यह रहा कि उसे अभी तक 13 मैचों में से सात में हार का सामना करना पड़ा और इनमें से चार मैच उसने अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स पर गंवाए। केकेआर के बल्लेबाज अब भी लय हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं जबकि उसके तेज गेंदबाजी विभाग में अनुभव की कमी साफ नजर आती है। इसके अलावा उसका क्षेत्ररक्षण भी दोयम दर्जे का रहा है।



रिंकू सिंह और वरुण चक्रवर्ती जैसे खिलाड़ियों के प्रदर्शन से केकेआर की टीम की प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना अभी समाप्त नहीं हुई है। जिस तरह के समीकरण बन रहे हैं उसमें चार टीम 14 अंकों के साथ अपने अभियान का समापन कर सकती हैं और ऐसे में बेहतर नेट रन रेट वाली टीम प्लेऑफ में पहुंचेगी। केकेआर के अभी 12 अंक हैं और उसे न सिर्फ बड़े अंतर से जीत दर्ज करनीहोगी बल्कि पंजाब किंग्स (बनाम राजस्थान रॉयल्स), गुजरात टाइटन्स (बनाम रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर) और सनराइजर्स हैदराबाद (बनाम मुंबई इंडियंस) की जीत के लिए भी प्रार्थना करनी होगी। लखनऊ की टीम हालांकि इस तरह के समीकरण में नहीं फंसी हुई है और वह जीत दर्ज करने पर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर जाएगी। लखनऊ की टीम अच्छी लय में दिख रही है। केएल राहुल के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से क्रुणाल पंड्या ने कप्तानी की भूमिका बहुत अच्छी तरह से निभाई है विशेषकर मुंबई इंडियंस के खिलाफ उन्होंने 177 रन के स्कोर का बचाव करते हुए अपने कप्तानी कौशल का अच्छा नमूना पेश किया था। मुंबई के खिलाफ मार्कस स्टोइनिस ने अपने आक्रामक तेवरों का अच्छा प्रदर्शन किया जबकि गेंदबाजी में मोहसिन खान और रवि बिश्नोई प्रभावी साबित हुए। लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम इस मैच में मोहन बागान के रंग की जर्सी पहनेगी। इन दोनों टीमों का मालिक आरपी संजीव गोयनका ग्रुप है। टीम इस प्रकार हैं: कोलकाता नाइट राइडसरू नीतीश राणा (कप्तान), जेसन रॉय, रहमानुल्लाह गुरबाज, वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, शार्दुल ठाकुर, लोकी फर्ग्यूसन, उमेश यादव, टिम साउदी, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, रिंकू सिंह, एन जगदीसन, वैभव अरोड़ा, सुयश शर्मा, डेविड विसे, कुलवंत खेजरोलिया, लिटन दास, मनदीप सिंह और आर्या देसाई। लखनऊ सुपरजाइंट्सरू क्रुणाल पंड्या (कप्तान), आयुष बडोनी, करण शर्मा, मनन वोहरा, क्विंटन डी कॉक, मार्कस स्टोइनिस, कृष्णप्पा गौतम, दीपक हुड्डा, काइल मेयर्स, अवेश खान, मोहसिन खान, मार्क वुड, मयंक यादव, रवि बिश्नोई, निकोलस पूरन, यश ठाकुर, रोमारियो शेफर्ड, डेनियल सैम्स, अमित मिश्रा, प्रेरक मांकड़, स्वप्निल सिंह, नवीन उल हक, युद्धवीर चरक और करुण नायर। मैच शुरूरू शाम 7.30 बजे।

# वेटिकन के प्रवेश द्वार को पार कर महल के प्रांगण में घुसी कार, चालक गिरफ्तार

रोम। एक कार बृहस्पतिवार को वेटिकन के प्रवेश द्वार से गुजरी और वहां तैनात स्विस गार्ड्स को पार करते हुए महल के प्रांगण तक पहुंच गयी। वेटिकन सिटी ने यह जानकारी दी।



वेटिकन के प्रेस कार्यालय ने बृहस्पतिवार देर रात एक बयान में कहा कि वेटिकन के अर्द्धसैन्य पुलिस अधिकारियों ने कार के प्रवेश द्वार से गुजरने पर उसके अगले टायर पर गोली चलायी लेकिन गाड़ी आगे बढ़ती रही। इसमें बताया गया है कि जब कार अपोस्तोलिक पैलेस के सैन दमासो प्रांगण में पहुंची तो चालक को बाहर निकाला गया और तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। वेटिकन ने बताया कि चालक की उम्र करीब 40 वर्ष है और वह ''गंभीर मानसिक समस्या'' से जूझ रहा है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या पोप फ्रांसिस घटनास्थल के नजदीक थे।

# चेन्नई की निगाह प्लेऑफ में जगह बनाने का, जीत के साथ सत्र का समापन करने उतरेगी दिल्ली

नयी दिल्ली। करिश्माई कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स शनिवार को यहां होने वाले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत दर्ज करके इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित करने की कोशिश करेगा। दिल्ली की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है और वह जीत के साथ इस सत्र का समापन करके चेन्नई के समीकरण बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

चेन्नई की टीम अभी 13 मैचों में 15 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है लेकिन दिल्ली के खिलाफ हार से उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना क्षीण पड़ जाएगी। इस मैच में जीत से चेन्नई का प्लेऑफ में स्थान पक्का हो जाएगा लेकिन वह दूसरे स्थान पर रहेगी या नहीं इसका निर्धारण लखनऊ सुपरजाइंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच होने वाले मैच से तय होगा। लखनऊ के भी 15 अंक हैं लेकिन चेन्नई का नेट रन रेट उससे बेहतर है।

फिरोज शाह कोटला का विकेट धीमा है जो कि चेन्नई की रणनीति के अनुकूल है। राष्ट्रीय राजधानी में संभवतरू अपना आखिरी मैच खेल रहे धोनी परिस्थितियों का पूरा लाभ उठाने का प्रयास करेंगे। बल्लेबाजी चेन्नई का मजबूत पक्ष है। शीर्ष क्रम में डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड और अजिंक्य रहाणे टीम को अच्छी शुरुआत दे रहे हैं। अंबाती रायडू, रविंद्र जडेजा और मोईन अली को हालांकि बीच के ओवरों में शिवम दुबे का अच्छा साथ देने की जरूरत है। धोनी ने अंतिम ओवरों में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का अच्छा नमूना पेश किया है और टीम को कप्तान से फिर से इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में तुषार देशपांडे महंगे साबित हुए हैं लेकिन उन्होंने विकेट हासिल किए हैं जबकि श्रीलंका के युवा तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। स्पिन विभाग में जडेजा, मोईन अली और महेश तीक्षणा ने भी अच्छा प्रभाव छोड़ा है। जहां तक दिल्ली का सवाल है तो उसने पहले चरण में लगातार पांच मैच गंवाए लेकिन इसके बाद उसने कुछ लय हासिल की और अगले आठ में से पांच मैचों में जीत दर्ज की।



दिल्ली की टीम पंजाब किंग्स पर 15 रन की मनोबल बढ़ाने वाली जीत के बाद इस मैच में उतरेगी। डेविड वॉर्नर की अगुवाई वाली टीम इस मैच में भी बिना किसी दबाव के खेलेगी और ऐसे में चेन्नई को उससे सतर्क रहना होगा। अक्षर पटेल को छोड़कर दिल्ली की टीम में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज इस सत्र में नाकाम रहे लेकिन उससे विदेशी बल्लेबाजों कप्तान वॉर्नर, मिशेल मार्श, फिल सॉल्ट और रिली रोसौव ने अच्छी पारियां खेली हैं। दिल्ली ने अब तक जितने भी मैच जीते उनमें उसके गेंदबाजों की भूमिका अहम रही है। अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने स्पिन विभाग अच्छी तरह से संभाला है जबकि तेज गेंदबाज इशांत शर्मा और खलील अहमद ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया ने भी लय हासिल कर ली है।

टीम इस प्रकार हैं: दिल्ली कैपिटल्सः डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, मिचेल मार्श, सरफराज खान, अमन हाकिम खान, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर),अक्षर पटेल, खलील अहमद, कुलदीप यादव, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसौव, एनरिच नार्जे, मुस्तफिजुर रहमान, चेतन सकारिया, मुकेश कुमार, फिल सॉल्ट, लुंगी एनगिडी, प्रवीण दुबे, ललित यादव, रिपल पटेल, विक्की ओस्तवाल, ईशांत शर्मा, मनीष पांडे, यश ढुल, प्रियम गर्ग। चेन्नई सुपर किंग्सः एमएस धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), आकाश सिंह, मोइन अली, भगत वर्मा, दीपक चाहर, डेवोन कॉनवे, तुषार देशपांडे, शिवम दूबे, रुतुराज गायकवाड़, राजवर्धन हैंगरगेकर, रवींद्र जडेजा, सिसंडा मगाला, अजय मंडल, मथीशा पथिराना , ड्वेन प्रीटोरियस, अजिंक्य रहाणे, शैक रशीद, अंबाती रायडू, मिचेल सेंटनर, सुभ्रांशु सेनापति, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधु, प्रशांत सोलंकी, बेन स्टोक्स, महेश तीक्षणा। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे से शुरू होगा।

# फुकुशिमा परमाणु संयंत्र का दौरा करेगा दक्षिण कोरियाई सरकार का दल



सियोल। दक्षिण कोरिया फुकुशिमा परमाणु संयंत्र का दौरा करने के लिए अगले सप्ताह सरकारी विशेषज्ञों के 21 सदस्यीय दल को जापान भेजेगा। इस दौरान यह दल शोधित लेकिन थोड़े से रेडियोधर्मी पानी को समुद्र में छोड़ने की जापान की विवादित योजनाओं की समीक्षा करेगा। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि रविवार से शुरू हो रही इस छह दिवसीय यात्रा का उद्देश्य संयंत्र की प्रसंस्करण प्रणाली की समीक्षा करना है जो दूषित जल से रेडियोधर्मी पदार्थ को कम करती है। इस दौरान यह भी देखा जाएगा कि क्या शोधित जल समुद्र में छोड़े जाने के लिए सुरक्षित है। समुद्र के पानी की सुरक्षा अमेरिका के सहयोगियों के लिए वर्षों से एक संवेदनशील मुद्दा रहा है जो अब उत्तर कोरिया के परमाणु खतरे तथा चीन की आक्रामक विदेश नीति जैसी संयुक्त चुनौतियों से निपटने के लिए लंबे समय से अपने तनावपूर्णसंबंधों में सुधार लाने पर काम कर रहे हैं। इस महीने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक यियोल के साथ एक शिखर वार्ता के बाद जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने घोषणा की कि उनकी सरकार खाद्य सुरक्षा को लेकर दक्षिण कोरिया की चिंताओं को शांत करने के लिए फुकुशिमा में दक्षिण कोरियाई विशेषज्ञों के दल की मेजबानी के लिए सहमत हो गयी है।

# क्या है यरुशलम दिवस, जिससे इजरायल–फिलिस्तीन के बीच बन जाती है टकराव की स्थिति

पूर्वी यरुशलम के पुराने शहर में गुरुवार को दूर–दराज से आए इजराइलियों द्वारा एक तथाकथित 'फ्लैग मार्च' का आयोजन किया गया। इस आयोजन के जवाब में सैकड़ों फिलिस्तीनियों ने गाजा में एक विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया। सैकड़ों फिलिस्तीनियों ने उस विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। गाजा में हुए इस विरोध प्रदर्शन में यरुशलम में हुए 'फ्लैग मार्च' की निंदा की गई और अल–अक्सा मस्जिद परिसर पर इजरायली छापे को रोकने की मांग की। यरुशलम दिवस क्या है?: 1967 के युद्ध में इजराइल ने कई अरब सेनाओं का मुकाबला किया, जिसके दौरान उसने पूर्वी यरुशलम सहित क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया। इजराइल ने तब से पूर्वी यरुशलम पर कब्जा कर लिया है। एक ऐसे कदम से जिसे अंतरराष्ट्रीय मान्यता नहीं मिली है और पूरे शहर को अपनी शाश्वत और अविभाजित राजधानी मानता है। फिलिस्तीनी पूर्वी यरुशलम को भविष्य के राज्य की राजधानी बनाना चाहते हैं। यरुशलम दिवस की घटनाओं का समापन एक ध्वज–लहराते मार्च के साथ होता है जो ईसाइयों, यहूदियों और मुसलमानों के पवित्र स्थलों के घर, दीवार वाले पुराने शहर में प्रवेश करने से पहले यरुशलम शहर से होकर गुजरता है। हाल के वर्षों में परेड यहूदी राष्ट्रवादियों के लिए शक्ति का प्रदर्शन बन गया है।



यरुशलम दिवस क्या है और यह इजरायल–फिलिस्तीनी फ्लैशपॉइंट क्यों है?: 5 जून 1967 को अरब इजरायल के बीच छह दिनों का युद्ध हुआ था जिसके बाद उसने पूर्वी जेरुसलम पर कब्जा कर लिया था। इस युद्ध के लिए इजरायल ने पहले से काफी तैयारी की थी। वो परमाणु हथियार हासिल करने के करीब पहुंच गया था और उसने फ्रांस से विमान और ब्रिटेन से टैंक हासिल किए थे। युद्ध के दिनों में इजरायल ने मिस्र, जॉर्डन और सीरिया की सेनाओं को फखाड़ फेंका। उसने मिस्र से गाजा पट्टी और सिनाई, सीरिया से गोलन पहाड़ियों और जॉर्डन से वेस्ट बैंक और पूर्वी जेरुसलम के इलाके छीन लिए। इसी दिन की याद में यहूदी हर साल यरुशलम दिवस के तौर पर मनाते हैं। परेड से फिलिस्तीनियों के साथ क्यों बढ़ जाता है तनावः भारी पुलिस वाला जुलूस पुराने शहर की संकरी गलियों से होकर गुजरता है, जिसमें दमिश्क गेट और मुस्लिम क्वार्टर जैसे फिलिस्तीनियों के बीच लोकप्रिय क्षेत्र शामिल हैं। इसकी वजह से कुछ अरब दुकानदारों को अपना दुकान बंद करने पर मजबूर होना पड़ता है। संसद के सदस्यों सहित यहूदी तीर्थयात्रियों के बड़े समूहों द्वारा अल–अक्सा मस्जिद परिसर में तनाव का एक अन्य स्रोत दौरा किया गया है। अल–अक्सा इस्लाम में तीसरा सबसे पवित्र स्थल है जिसे यहूदी टेंपल माउंट के रूप में मानते हैं, जो दो प्राचीन मंदिरों का अवशेष है। इस घटना ने हाल के वर्षों में हिंसा को कैसे जन्म दिया है?: 2021 मार्च के दौरान इस्लामवादी हमास समूह ने इजराइल में रॉकेट दागे, जिससे 11 दिनों के युद्ध में मदद मिली, जिसमें गाजा में कम से कम 250 फिलिस्तीनियों और इजराइल में 13 लोगों की मौत हो गई। गाजा को नियंत्रित करने वाले हमासने हाल के वर्षों में खुद को यरूशलेम के फिलिस्तीनियों और मुस्लिम पवित्र स्थलों के रक्षक के रूप में पेश किया है।

हमास ने दक्षिणपंथी मार्च अल–अक्सा मस्जिद परिसर में यथास्थिति का उल्लंघन करने या फिलिस्तीनियों पर हमला करने की सूरत में विस्फोट की चेतावनी दी। इस वर्ष, फिलिस्तीनियों ने इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक और गाजा में अपने स्वयं के फ्लैग मार्च का भी आयोजन किया है।

## सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

देवरिया। क्षेत्र के सोनाड़ी गांव निवासी सुमन सिंह (40) पत्नी सत्यवान सिंह की देर रात गोरखपुर मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी होने पर घर में रोना–पिटना मच गया। नौ मई की देर रात को गड़ेर के बारीपुर मंदिर के निकट बरहज मार्ग पर खड़े डंफर से कार टकरा गई थी। इसमें सुमन सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जबकि एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी। सुमन की मौत की जानकारी होने पर गांव में सन्नाटा फैल गया। उनके दरवाजे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सुमन की मौत से पुत्र साहिल (17) और पुत्री खुशी (15) का रो–रो कर बुरा हाल था। लोगों के अनुसार नौ मई को सुमन एक समारोह में देवरिया गई थी। जहां रात में कार से वापस घर आ रही थी। इसी बीच सड़क किनारे खड़े वाहन से कार टकरा गई थी। जिसमें परसियां भीखम निवासी सतेंद्र सिंह पुत्र कैलाश सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चंद्रावती, सुमन और हर्ष सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सुमन की मौत और बच्चों का बिलखना देख दरवाजे पर आने–जाने वाले लोग ईश्वर को कोस रहे थे।

## तालाब में उतराया मिला युवक का शव

देवरिया। जंगलबेलवा गांव में तालाब में डूबने से रामपुर दुल्लह गांव के एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जरूरी कार्रवाई की। महुआडीह थाना क्षेत्र के रामपुर दुल्लह गांव के पूरन गुप्ता (45) मजदूरी करते थे। .शाम क्षेत्र के जंगलबेलवा गांव स्थित एक पोखरे में उनका शव उतराता देख कर लोगों ने शोर मचाया। लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर परिजनों को मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे घर के लोगों ने शव की शिनाख्त की। उधर, इस बात की जानकारी होते ही घर में चीख–पुकार मच गई। पूरन की इस तरह मौत से माता संझारी देवी, बड़े भाई त्रिलोकी गुप्ता व छोटे भाई संतोष का रो–रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में एसओ महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि रामपुर दुल्लह गांव के पूरन गुप्ता की जंगलबेलवा गांव में पोखरे में डूबने से मौत हुई है। आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार, पूरन मेहनत मजदूरी करके जीवन–यापन करते थे। उनकी शादी नहीं हुई थी। तालाब में पहुंचने का कारण का पता नहीं चल पा रहा है। ग्राम प्रधान प्रदीप राव ने बताया कि वह मानसिक रूप से कुछ परेशान थे।

## पूर्ति निरीक्षक ने पुलिस से की शिकायत, खाद्यान्न में हेराफेरी करने का आरोप

देवरिया। पूर्ति निरीक्षक श्रीनारायण ने मदनपुर पुलिस से ग्राम पंचायत खड़ेसर के कोटेदार के खिलाफ शिकायत की है। कोटेदार पर अनाज की हेराफेरी करने और 358 के सापेक्ष 18 लाभार्थियों का अंगूठा लगवाए जाने का आरोप लगाया है। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक ने कोटेदार के दुकान की जांच की। इसमें 350 की जगह 18 लोगों का अंगूठा लगवाए जाने, जबकि अवशेष 140 कुंतल खाद्यान्न में घपला पाया गया है। हुई कार्रवाई से कोटेदारों में खलबली है। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर देते हुए उच्चाधिकारियों को प्रकरण से अवगत करा दिया गया है।

## सवरेजी के युवक की सिवान में ट्रेन से कटकर मौत

भटनी। क्षेत्र के सवरेजी गांव के रहने वाले बैंक मैनेजर की सिवान में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। इसकी जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। परिवारीजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक गोपालगंज बिहार स्थित माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड में बैंक मैनेजर पद पर कार्यरत थे। सुबह गोपालगंज जाने के लिए घर से निकले थे। खामपार थाना क्षेत्र के सवरेजी गांव सदानंद उर्फ मंटू तिवारी (45) गोपालगंज बिहार में माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में मैनेजर पद पर कार्यरत थे। गोपालगंज जाने के लिए वे किसी ट्रेन से निकले थे। सिवान में ट्रेन दुर्घटना में उनकी जान चली गई। इसकी जानकारी पर परिवार में मातम छा गया माता–पिता, पत्नी और बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है।

## स्टेज पर डांस करने से रोकने पर दूल्हे के भाइयों की पिटाई

महाराजगंज । भिटौली थाना क्षेत्र के ग्राम सभा दरौली में सोमवार की रात आई बरात में स्टेज पर चढ़कर डीजे की धुन पर डांस करने से मना करने पर घराती और बराती पक्ष में विवाद हो गया। मनबढ़ युवकों ने दूल्हे के भाइयों की पिटाई कर दी। इस मामले में दूल्हे के पिता ने भिटौली पुलिस को दो नामजद लोगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिंदुरिया थानाक्षेत्र के ग्राम सभा पिपरा नरायन निवासी रामकिशुन के बेटे रमापति की बरात भिटौली थाना क्षेत्र के दरौली में सोमवार को गई थी। डीजे पर डॉस चल रहा था। इस दौरान गांव के कुछ युवक स्टेज पर चढ़ने लगे। दूल्हे के भाई बृहस्पति ने युवकों को स्टेज पर चढ़ने से मना किया। यह बात गांव के युवकों को नागवार लगी और दूल्हे के भाई वृहस्पति की पिटाई करने लगे। आरोप है कि बीच बचाव करने आए दूल्हे के दूसरे भाई विद्यापति को भी मनबढ़ युवकों ने पीट दिया। दूल्हे के पिता रामकिशुन ने भिटौली थाने पर पहुंच कर मारने वाले दो लोगो के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। भिटौली थानाध्यक्ष सुनील कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी दीपचंद व हरिशचंद पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाइ की जा रही है।

## बल्ले से पीटकर बालक को किया लहूलुहान

महाराजगंज । कोतवाली ठूठीबारी क्षेत्र के जमुई कला गांव में शाम को क्रिकेट न खेलाने से नाराज एक युवक ने बल्ले से पीटकर बालक को लहूलुहान कर दिया। वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा। मामले की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजन घायल बालक को सीएचसी निचलौल ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक, जमुई कला निवासी शिशुपाल गौंड का 14 वर्षीय बेटा शुभम कुछ बच्चों के साथ गांव के उत्तर सिवान में क्रिकेट मैच खेल रहा था। इसी बीच गांव का एक युवक आ गया। वह क्रिकेट खेलने की जिद करने लगा। बच्चों ने मना किया। युवक नाराज होकर बच्चों से बल्ला छिनकर शुभम पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात चिकित्सक डॉ. उमेश चंद ने बताया कि घायल बालक का बाएं हाथ टूट गया है। शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोटें आई हैं। कोतवाली ठूठीबारी के प्रभारी निरीक्षक जेपी सिंह यादव ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने के बाद आरोपी युवक पर संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

## सोनौली के युवक ने नेपाल में की खुदकुशी

महाराजगंज। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 के रहने वाले भरत कुमार ने .रात नेपाली सीमा के बेलहिया कस्बे में किराये के मकान में फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। जानकारी के मुताबिक, भरत कुमार (30) नेपाली सीमा के बेलहिया कस्बे में किराये के मकान में रहता था। नेपाली युवती से उसने शादी कर रखी थी। उसके तीन बच्चे हैं। .रात को अपने कमरे में फंदे से वह झूल गया। इंस्पेक्टर बेलहिया अनिल थापा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोटस्मार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# कुर्ना नाला पर बने पुल और बांध की हो मरम्मत तब मिलेगी बाढ़ से निजात

## विधायक बोले–पुल बनाने के लिए भेजा गया है प्रस्ताव, जल्द पूरी होगी प्रक्रिया

देवरिया। कुर्ना नाले के किनारे शहर की दो कॉलोनियां अलीनगर और शहीदनगर बसी हैं। ये वार्ड नंबर 32 में आती हैं। इन कॉलोनियों में बरसात के दिनों में दो से तीन महीनों तक दो से तीन फीट तक पानी भर जाता है। न तो बच्चे स्कूल जा पाते हैं और न ही लोग अपनी रोजमर्रा की जरूरतों की खरीदारी करने घरों से निकल पाते हैं। अगर इसी बीच किसी की तबीयत बिगड़ गई तो समझिए कि परेशानी और बढ़ जाती है। बरसात के दिनों में यहां से निकलकर मुख्य सड़क तक पहुंचना कठिन हो जाता है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि दहशत के दो–तीन महीने जिंदगी का इम्तिहान बन जाता है। अगर कुर्ना नाले के बांध की मरम्मत हो और उसे पक्का बनाकर ऊंचा कर दिया जाए, साथ ही अलीनगर और शांतिनगर को जोड़ने वाले लकड़ी के पुल की जगह स्थायी पुल का निर्माण हो जाए तो उन्हें बरसात में जलभराव व बाढ़ का सामना नहीं करना पड़ेगा। उधर, विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी का कहना है कि पुल निर्माण की प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी। प्रस्ताव भेज दिया गया है।

स्कूलों से छुट्टी होने के बाद बच्चे लकड़ी के पुल से आ जा रहे थे। ताड़ के पेड़ और पटरियों के सहारे बनाए गए इस पुल पर लगातार आवाजाही के कारण यह एक तरफ से झुक गया है। ऐसे में इस पर चलने वाले छोटे हों या बड़े जान पर खतरा मोल लेकर ही पुल पार करते हैं। शांतिनगर के मोहम्मद सोबराती, निसार अहमद बरसात की आहट से ही दहल जाते हैं। उनका कहना है कि जब भी बरसात आती है तो उन्हें या तो घरों में कैद होना पड़ता है या फिर उन्हें बेघर होना पड़ता है। वे बताते हैं कि इसके लिए कई बार नगर पालिका, जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई पर कोई फायदा नहीं हुआ। इस बार भी बरसात से पहले नाले के बंधे की मरम्मत और उसे ऊंचा करने की मांग की गई है। नगर पालिका ऊंची सड़क बनवा दे। उससे भी राहत मिलेगी। पानी नहीं भरने पाएगा। अगर जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया तो फिर सांसत तय है।

दवाई–पढ़ाई तक से महरूम हो जाते हैं कॉलोनीवासीः कुर्ना नाले में जब पानी बढ़ता है तो मोल्लेवासियों की सांसें भी फूलने लगती हैं। कुर्ना पर बने अस्थायी लकड़ी के पुल से गुजरने में भय लगता है। मोहल्लेवासी बताते हैं कि बंधे रैट होल होने से जर्जर हो गए हैं। बरसात में जब पानी का दबाव बढ़ता है तो नाला जगह–जगह रिसने लगता है। फिर बांध कट जाता है और पूरी कॉलोनी बाढ़ के पानी से भर जाती है। ऐसे में बच्चों को पढ़ाई–लिखाई तो मरीजों–बुजुर्गों को दवाई की चिंता सताने लगती है। अधिक पानी भरने के कारण उन्हें इन सबसे महरूम भी होना पड़ता है। इमरजेंसी में ट्यूब आदि का सहारा लेकर बहुत ही जरूरी चीजों का बंदोबस्त करते हैं। करीब चार सौ आबादी की इन दोनों कॉलोनियों के तीन सौ से अधिक बच्चे इसी लकड़ी के पुल से आने–जाने को मजबूर हैं।

नाले में लकड़ी के पुल से गिर चुके हैं बच्चेः शहीदनगर और शांतिनगर को जोड़ने वाला लकड़ी का पुल निकाय चुनाव में प्रत्याशियों व उनके समर्थकों की आवाजाही के कारण टेढ़ा हो गया है। कॉलोनी के लोग बताते हैं कि एक ही बार में पुल से दो–ढाई सौ लोग आते–जाते थे। इसकी वजह से पुल तिरछा हो गया है। जब भी छोटे बच्चे या बुजुर्ग पुल से गुजर रहे हैं तो एक आशंका बनी रहती है। निसार अहमद बताते हैं कि पिछली बरसात में नाला उफान पर था। पुल पार करते समय तीन बच्चे गिर गए थे। उनमें से दो का पता नहीं चला।

रैटहोल के कारण जर्जर हो गया है कुर्ना नाले का बंधाः शहीदनगर और अलीनगर के बीच से बहने वाले कुर्ना नाले का बंधा कमजोर हो गया है। जगह–जगह रैट होल होने के चलते यहां के लोगों को बरसात में कटान का डर सता रहा है। यहां पक्का पुल बने तो उनका रास्ता थोड़ा आसान हो जाएगा। मनौव्वर अंसारी ने बरसात से पहले यहां ठोस कदम उठाने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है।

25 हजार में हर साल कराते हैं पुल की मरम्मतः अनवर अंसारी बताते हैं कि बरसात आने के पहले कॉलोनी के लोग 25 हजार चंदा जुटाकर लकड़ी का पुल दुरुस्त कराते हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ आने पर उनके घर में पानी और जहरीले जीव न घुसें, इसलिए हर घर की नींव ऊंची बनाकर उसके आगे रैंप बना दी गई है।

# बीईओ ने विद्यालयों में जांची दूध वितरण की हकीकत

## डीएम के निर्देश पर औचक निरीक्षण में लार क्षेत्र के दो विद्यालयों में नहीं बंटा था दूध

देवरिया। जनपद के प्रत्येक ब्लॉक में संचालित पांच–पांच परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में बीईओ ने औचक निरीक्षण कर दूध वितरण की हकीकत जानी। इस दौरान लार क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चोरडीहा एवं सुतावर में दूध वितरण नहीं किया गया था। इस पर प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। 16 ब्लॉकों के खंड शिक्षा अधिकारियों ने . अपने–अपने ब्लॉक क्षेत्र के विद्यालयों का निरीक्षण कर मिड–डे–मील मैन्यू के अनुसार मिलने वाले भोजन की जांच की। तहरी एवं दूध का वितरण विद्यार्थियों में किया जाता है, प्राथमिक विद्यालयों में 150 एमएल तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 200 एमएल दूध प्रत्येक विद्यार्थी को देने का प्राविधान है। जिसका निरीक्षण अधिकारियों ने किया। प्रभारी बीएसए एवं देवरिया सदर के खंड शिक्षाधिकारी विजयपाल नारायण त्रिपाठी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी ब्लॉकों के पांच–पांच विद्यालयों में दूध वितरण की जांच की गई। निर्धारित मैन्यू के अनुसार प्रत्येक सोमवार या फल व दूध का वितरण अध्ययनरत छात्र–छात्राओं में अनिवार्य रूप से कराया जाता है। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं समस्त खंड शिक्षा अधिकारी की समिति इस मैन्यू का पालन सुनिश्चित कराती है। उन्होंने बताया कि लार के चोरडीहा एवं सुतावर में दूध वितरण नहीं किया गया था। इस पर संबंधित प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# मायके के दखल से लड़कियों के नहीं बन पा रहे हैं अपने घर– साधना मिश्रा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। साधना मिश्रा जिला समन्वयक जिला प्रोवेशन कार्यालय द्वारा बताया गया कि काउंसलिंग के दौरान अभी तक कई प्रकरणों में यह तथ्य सामने आए हैं कि शादी के बाद भी मायके वाले अपनी लड़की के लगातार संपर्क में रहते हैं। दिन भर में कई बार बात करते हैं। हर छोटी–बड़ी बातों में मां का हस्तक्षेप होने से शादी होकर नए घर में आई लड़की अपने पति और ससुराल पक्ष के साथ रिश्ता ही नहीं बना पाती। मायके वालों के दखल के कारण पहले से ही वह ससुराल को अलग तरीके से देखती है। शादी के कई महीनों बाद भी वह अपनी मां को मायके से दिन भर जुड़ी रहती है। उनके ही निर्देश पर वह काम करती है। जिसके कारण कई घर बसने के पहले ही बिखरने लगते हैं। पति–पत्नी के बीच घरेलू हिंसाध तलाक की नौबत आ जाती है। जिला प्रोवेशन कार्यालय सोनभद्र में काउंसलिंग के दौरान घरेलु हिंसा की कई फीसदी से अधिक मामलों में मायके वालों के लगातार नियमित हस्तक्षेप के कारण रिश्ते टूटने की बात कही गई है। हर छोटी बड़ी बातें में मायके के लोग हस्तक्षेप करते हैं।

### मोबाइल पर ज्यादा बात के कारण मायके और ससुराल के बीच झूला झूलती लड़की'

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोबाइल फोन रिश्तो को बनने के पहले ही बिगाड़ रहा है। शादी होकर लड़की ससुराल पहुंचती है। सबसे ज्यादा बातें वह अपने मायके करती रहती है। पति और ससुराल की हर बात शेयर करती है। उसको ज्यादा से ज्यादा अधिकार संपन्न बनाने और हर किसी को अपनी उंगलियों पर नचाने के नुस्खे देते रहते हैं। जिसके कारण नव दंपति के बीच में भी वह रिश्ता नहीं बन पाता है। जो एक पति पत्नी के लिए जरूरी होता है। इसके साथ ही पत्नी के रूप में शादीशुदा लड़की अपना घर भी नहीं बसा पाती है। जिसके लिए उसने शादी की है। इस तरह के मामलों में काउंसलर की भूमिका भी कोई असर नहीं कर पा रही है।

# प्रेमी–युगल को पकड़कर पुलिस को सौंपा

## कोतवाली थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव के रहने वाले हैं प्रेमी युगल

सलेमपुर। नगर के सोहनाग मोड़ से कुछ लोगों ने एक प्रेमी युगल को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। दोनों घर से भागने की फिराक में किसी गाड़ी का इंतजार कर रहे थे। प्रेमी युगल के मुताबिक दो माह पूर्व दोनों सहमति से एक मंदिर में शादी किए हैं। हालांकि युवक के परिवार के लोग छह माह पूर्व दूसरी महिला के साथ शादी कर दिए हैं। इसकी खबर मिलते ही युवक की पहली पत्नी ने कोतवाली पहुंचकर इसका विरोध किया। पुलिस इस मामले में दोनों पक्ष से बातचीत कर रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र के अलग–अलग गांव के रहने वाले प्रेमी युगल को संदेह होने पर कुछ लोगों ने नगर के सोहनाग मोड़ से पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि दोनों दो माह पूर्व किसी मंदिर में शादी कर लिए हैं और आज परिवार के भय से कहीं बाहर भगाने की फिराक में थे। लोग दोनों को कोतवाली ले आए, जहां पूछताछ में पता चला कि युवक की शादी छह माह पूर्व उसके परिवार के लोग एक महिला से कराएं हैं। इसके बावजूद वह दूसरी लड़की को भगा कर ले जा रहा था। इसी बीच युवक की पहली पत्नी कोतवाली पहुंची और इसका विरोध करने लगी। इसे लेकर कोतवाली में घंटों पंचायत चली। पुलिस युवती के परिजनों को बुलाती रही, लेकिन कोई मौके पर नहीं पहुंचे। युवती ने बताया कि उसके परिवार के लोग उसे छोड़ दिए हैं। यहां मेरे लिए कोई नहीं आएगा। वह प्रेमी के साथ ही रहना चाहती है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि लड़के के घरवाले ही दोनों को पकड़ कर कोतवाली लाए थे। लड़के की पहली पत्नी और उसके घरवाले उसे घर ले जाने को तैयार नहीं है। लड़का और लड़की दोनों बालिग हैं। दोनों एक से दूसरे के साथ रहने के लिए तैयार हैं।

# आखिर किसके सह पर चल रहा सेंटर फॉर ब्रेन एंड स्पाइनः योगेंद्र मिश्रा

## पिता के द्वारा खरीदी गई जमीन पर बेटे ने किया अवैध कब्जा– योगेंद्र



गोरखपुर। जिला अधिवक्ता बार एसोसिएशन कलेक्ट्रेट के महामंत्री योगेंद्र मिश्रा ने अधिवक्ता सभागार में सेंटर फॉर ब्रेन एंड स्पाइन के डॉ सौरभ श्रीवास्तव के खिलाफ आरोप लगाते हुए बताया कि पिता द्वारा खरीदी गई जमीन जो न्यायालय द्वारा विवादित है उस पर डॉ सौरव श्रीवास्तव द्वारा टीन शेड तथा झोपड़ी में अवैध क्लीनिक संचालित किया जा रहा है। जबकि यह पूर्णतया गलत है। उपरोक्त क्लीनिक का धरातल पर सत्यापन किया जाए तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। श्री मिश्रा ने बताया कि विवादित भूमि पर बिना मानचित्र पास कराए टीन शेड/झोपड़ी में क्लीनिक, पैथोलॉजी,मेडिकल स्टोर, फिजियोथैरेपी,ईसीजी चलाना असंवैधानिक एवं भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। जोकि मुख्यमंत्री के गृह शहर में धड़ल्ले से संचालित किया जा रहा है। इस विषय में यह कहना उचित होगा कि स्वास्थ्य विभाग तथा गोरखपुर विकास प्राधिकरण उपरोक्त मामले में लिप्त है। अगर लिप्त नहीं होते तो दर्जनों शिकायतें भेजी गई लेकिन इस पर करवाई आखिर क्यों नहीं की गई ? अगर उक्त मामले में 15 दिनों के अंदर कार्रवाई नहीं हुई तो धरनाध उपवास के पश्चात माननीय न्यायालय का शरण लिया जाएगा।

# सीडीओ ने मिशन प्रेरणा के खराब प्रदर्शन पर बीडीओ नेबुआ नौरंगिया का वेतन किया बाधित

## बेसिक शिक्षा विभाग निपुण भारत मिशन कार्यक्रम में खराब प्रदर्शन पर खंड शिक्षा अधिकारी कसया के खिलाफ प्रतिकुल प्रविष्टी देने का दिया निर्देश।

कुशीनगर। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के जिला अनुश्रवण समिति, टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में ऑपरेशन कायाकल्प, विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति, निपुण भारत मॉनिटरिंग सेंटर, विद्यालय में नामांकन प्रगति, आधार सत्यापन की प्रगति, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय भवन निर्माण की प्रगति, मध्यान्ह भोजन योजना, मानव संपदा अवकाश आवेदन, यू डाइस की प्रगति, वित्तीय प्रगति आदि की समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लक्ष्य के अनुरूप प्रदर्शन करें। विद्यालयों की मॉनिटरिंग नियमित रूप से हो, बच्चों का बेसिक टेस्ट करवाना अनिवार्य है। इसी क्रम में मिशन प्रेरणा में कमतर प्रदर्शन पर खंड विकास अधिकारी नौरंगिया का वेतन बाधित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में निपुण भारत मिशन शामिल है ।सभी खंड विकास अधिकारी अपने–अपने ब्लॉक की कार्य योजना बनाकर उस पर कार्य करें। ऑपरेशन कायाकल्प के संदर्भ में जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी और संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों को मुख्य विकास अधिकारी ने शौचालय, टायलीकरण, फर्नीचर आदि के बारे में निर्देश दिए गए और इस हेतु ब्लॉक वार सूची उपलब्ध कराए जाने का भी निर्देश दिया गया। सीडीओ ने कहा कि कोई ऐसा विद्यालय न हो। जहां बच्चों को जमीन पर बैठना पड़े। इस बात को सुनिश्चित करने के लिए उन्होनें निर्देश दिया। इस मामले में कमत्तर प्रदर्शन पर खंड शिक्षा अधिकारी कसया को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिया गया। विद्यालय में नामांकन कम होने पर उसे बढ़ाने के निर्देश दिए गए तथा सभी शिक्षकों को नामांकन बढ़ाने हेतु होम विजिट के भी निर्देश दिए गए। मध्यान्ह भोजन योजना के संदर्भ में रसोइयों के मानदेय समय से देने के निर्देश दिए गए। यू डायस (2022–23) के अंतर्गत पोर्टल पर छात्र–छात्राओं की डेटा एंट्री की प्रगति भी जानी गयी। खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए सीडीओ ने कहा कि कुछ प्राथमिक विद्यालयों में सायंस लैब निर्माण का कार्य किया जा रहा है। अवकाश के दिनों में भी इस कार्य को जारी रखा जाए। जिससे ये समय से पूर्ण किया जा सके। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ रामजियावन मौर्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र राय, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी विनय कुमार, सभी खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी व सभी संबंधित उपस्थित रहे।

# बकाया मजदूरी को लेकर श्रमायुक्त कार्यालय पर बिरोध प्रदर्शन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सी परियोजना का निर्माण कार्य कर रही दुसान पावर कंपनी के अधीन कार्य कर रही ट्राई गार्ड कंपनी के सैकड़ो मजदूरो ने तीन माह का बकाया मजदूरी दिलाने की मांग को लेकर नाराज मजदूरों ने शुक्रवार को उप श्रमायुक्त कार्यालय पिपरी पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मजदूरों ने जमकर नारेबाजी भी की। वही मजदूरों ने शनिवार को ओबरा सी परियोजना के गेट पर अनिश्चित कालीन धरना देने की घोषणा की है। भारतीय संविदा श्रमिक संगठन के महामंत्री नागेंद्र प्रताप चौहान ने दी विज्ञप्ति में बताया है कि लिखित समझौते के कारण मजदूर उप श्रमायुक्त कार्यालय




पर शुक्रवार को पहुंचे लेकिन उप श्रमायुक्त के नही रहने के कारण सभी मजदूर काफी मायूस होकर खाली हाथ लौट आए जिससे मजदूर दर दर भटकने के लिए मजबूर हो गए है।वही मजदूरी नही मिलने से मजदूरों के परिवार के सामने भूखमरी की नौबत आ चुकी है। कम्पनी एवं परियोजना प्रशासन द्वारा किये गए वादा खिलाफी के कारण श्रमिकों के बीच दुसान कम्पनी के विरुद्ध भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने बताया कि श्रमिकों के समस्त अदेय पावनों का भुगतान तत्काल नहीं कराया गया तो परियोजना में अशांति की स्थिति उत्पन्न होने से इंकार नहीं किया जा सकता।लिखित समझौते के बाद भी भुगतान नहीं होने से मजदूरों का धैर्य टूट चूका है।वही मजदूर हतास और निराश है। इसके बावजूद उप श्रमायुक्त पंकज सिंह राना ने अपने संवैधानिक दायित्यों का निर्वहन ठीक ढंग से नहीं कर रहे है। श्री चौहान ने बताया कि शनिवार की सुबह ओबरा सी परियोजना के मुख्य द्वार पर सभी मजदूर एकत्रित होकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी परियोजना प्रशासन सहित उप श्रमायुक्त पिपरी की होगी।

# स्वास्थ्य समिति के सहयोग से संचालित एंबेड योजना

## डेंगू, मलेरिया को जड़ से खत्म करने के लिए किया गया प्रयास

दैनिक बुद्ध का संदेश

लखनऊ। फैमिली हेल्थ इंडिया गोदरेज एवं जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग से संचालित एंबेड योजना के तहत इब्राहिम प्रथम वार्ड रूवृंदावन कॉलोनी सेक्टर 8 में स्काईलार्क वर्ल्ड विधालय में बच्चों को जागरूक किया गया, जिसमें फैमिली हेल्थ इंडिया के बीसीसीएफ वीरेंद्र विक्रम सिंह ने बच्चों को मच्छर जनित बीमारी के जीवन चक्र के बारे में समझाया कि वह चार अवस्था के होते हैं (अंडा, लार्वा, प्युपा, और द्रोण) मच्छर को पैदा होने नहीं देना है और मच्छरों को कौन सी अवस्था में खत्म कर सकते हैं इस कि जानकारी दी। और साथ ही मलेरिया निरीक्षक जितेंद्र कुमार थारु व उनकी टीम सुधीर , दीपक , राम अवतार जी, व राकेश के सहयोग से क्षेत्र का भ्रमण किया गया।इस अवसर पर मलेरिया निरीक्षक जितेंद्र कुमार



थारू ने बच्चों को जागरूक करते हुए बताया कि सभी को हर रविवार को अपने अपने घरों में जमे हुए पानी की निकासी जरूर करें जैसे कूलर, फ्रिज के पीछे ट्रे, टूटे–फूटे बर्तन को साफ करके हम डेंगू जैसी बीमारी से बच सकते हैं और फुल आस्तीन के कपड़े पहने मच्छर से बचने के साधनों का उपयोग करने की बात की।विद्यालय के प्रधानाचार्य गुंजन मेहरोत्रा ने बताया की विद्यालय में बच्चों को वेक्टर जनित रोगों के बारे में जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, आदि के बारे में बताया जाता है, और उन्होंने बताया कि वह अपने विद्यालय में हर हफ्ते गमलों की सफाई के साथ–साथ दवा का भी छिड़काव करवाते हैं और विद्यालय के अंदर कई सारे मच्छर रोधी पौधे भी लगे हुए हैं।इस अवसर पर मौजूद विद्यालय व्यवस्थापक रजत कुमार सिंह, प्रधानाध्यापिका हनी सलूजा , शिक्षक रुचि , सुधीर ,और क्षेत्रीय आशा कमलेश तिवारी, प्रिया पाल , आदि लोग मौजूद रहे।

# 21वर्ष पूर्व हुई चोरी के मामले में दोषियों को 7 वर्ष की कैद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। 21 वर्ष पूर्व हुई चोरी के मामले में शुक्रवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दो दोषियों क्रमशः भंवर सिंह को 7 वर्ष की कैद व 15 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं सुनील सेठ को 3 वर्ष की कैद व 3 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड ना देने पर डेढ़ माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं एक अन्य आरोपी कन्हैया को दोषमुक्त करार दिया गया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रामदेव तिवारी पुत्र धर्मजीत तिवारी निवासी म्योरपुर थाना कोतवाली दुद्धी ने थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 10 मार्च 2002 को सुबह 5 बजे भोर में उठा तो देखा कि चार बक्से और चार अटैची तोड़कर फेंके गए थे और आलमारी भी तोड़ी गई थी तथा सारा सामान गायब कर दिया गया था। जिससे आशंका जाहिर की गई थी कि अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर चोरी की है। इस तहरीर पर अज्ञात में एफ आई आर दर्ज कर मामले की विवेचना की गई।

मामले की विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दो चोरों क्रमशः भंवर सिंह पुत्र नंदन सिंह निवासी धौरहवा, थाना बीजपुर , जिला सोनभद्र को 7 वर्ष की कैद व 15 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड ना देने पर 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं सुनील सेठ पुत्र देवातादिन सेठ निवासी कमासिन, थाना बाघराय, जनपद प्रतापगढ़ हाला पता तुर्रा, थाना पिपरी, जिला सोनभद्र को 3 वर्ष की कैद व 3 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड ना देने पर डेढ़ माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। एक आरोपी कन्हैया दोषमुक्त करार दिया गया।अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने बहस की।

# मोना सिला पुस्तकालय एवं एक्टिविटी सेंटर का उद्घाटन





दैनिक बुद्ध का संदेश

लखनऊ। कॉल्विन ताल्लुकेदार्स कालेज में मुख्य अतिथि राजा आनन्द सिंह, (अध्यक्ष ब्रिटिश इण्डियन एसोसिएशन) के कर कमलों द्वारा 'मोना सिली पुस्तकालय एवं एक्टीविटी सेन्टर' का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राजा आनन्द सिंह, कुँ0 मनीषवर्धन सिंह व राय स्वरेश्वर बली जी के द्वारा दीप प्रज्जवलित करके हुआ। इस अवसर पर प्रबन्ध समिति के सम्मानित सदस्य कुँ0 विनय कुमार सिंह, चौधरी मो0 नसीब, राजा वीरेन्द्र सिंह परमार, राजा अनिल प्रताप सिंह, सेठ शैलेन्द्र नाथ टण्डन, श्री विवेक सेठ, राय स्वरेश्वर बली, कुँ0 ध्यानपाल सिंह व श्री वासुधेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 डी0के0एस0 चौहान, पूर्व प्रधानाचार्य, यू0पी0 बोर्ड शाखा, अनुपमा सिंह, प्रधानाचार्या यू0पी0 बोर्ड शाखा व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। गणपति वन्दना एवं सरस्वती वन्दना के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया एवं पुष्पगुच्छ प्रदान किये गये। छात्राओं के द्वारा नृत्य प्रस्तुति की गयी। इस स्वर्णिम अवसर पर पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया जो मोना सिली (1964–1979) के जूनियर स्कूल में हेड मिस्ट्रेस के पद पर रहने की याद में बनाया गया। वह अपने कड़े अनुशासन एवं कार्य सिद्धि की पूर्णता के लिए प्रसिद्ध थीं। प्रांगण में एक्टीविटी सेन्टर के अन्तर्गत शतरंज, कैरम, टेबिल–टेनिस, क्ले मॉडलिंग, नृत्य, म्यूजिक रूम व मार्शल आर्ट की टेनिंग के लिए कक्षाएं तैयार की गयीं। छात्रों में इन सभी गुणों का विकास करने के लिए बढ़ावा दिया जा रहा है।प्रधानाचार्य अनूप राज ने एक्टीविटी के महत्व को सभी अतिथियों व छात्र छात्राओं को अवगत कराया एवं इस पुस्तकालय के उपयोग के बारे में भी बताया।भूतपूर्व हिन्दी अध्यापिका नमिता वैश्य के समर्पित सेवा के लिए सेवानिवृत्त होने पर उन्हें सम्मानित किया गया।

# अनियंत्रित बुलेरो कुदी खेताड़ी में चालक बाल बाल बचा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।करमा थाना क्षेत्र के भरकवाह गाँव के समीप हिन्दुवारी मिर्जापुर मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को सुबह करीब सात बजे अनियंत्रित बोलोरो दुर्घटना ग्रस्त हो गयी, पन्नूगंज थाना क्षेत्र के गाँव बकवार निवासी अशोक कुमार मौर्या अपनी बोलेरो लेकर राजगढ़ थाना क्षेत्र के कोन भरुहवा रिश्तेदारी में गये गये थे, वापसी के समय दायीं तरफ का अगला चक्का पंचर हो जाने से बोलेरो तेज गति से सड़क के नीचे खेत में पहुँच कर दुर्घटना ग्रस्त हो गयी, चालक अशोक कुमार मौर्या ने बताया कि गाड़ी में वे अकेले थे, उन्हें कोई चोट नहीं आयी है!

# पांगन नदी शिव घाट पर पुल निर्माण की ग्रामीणों ने उठाई मांग

## कनहर बांध में पानी रुकने से सांगोबांध से छत्तीसगढ़ जाने में आएगी परेशानी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र।छत्तीस गढ़ सीमावर्ती गांव सांगोबांध बेलहरा,जीगन टोला के ग्रामीणों ने पांगन नदी स्थित शिव घाट पर पुल निर्माण कराए जाने की मांग की है। पूर्व प्रधान देवधारी, गणेश ,रामचरण,रामबृक्ष, लल्लन, जगदीश,दिन दयाल,शिव मूरत,रामसेवक,राम जीत आदि ने कहा है कि इस वर्ष या अगले वर्ष कनहर बांध में पानी रुकेगा तो छत्तीस गढ़ के त्रिसुली गांव डूब में आएगा और मनरू तक ही आवागमन ठप हो जायेगा।ऐसे में शिव घाट पर पुल का निर्माण कराया जाए जिससे सांगोबाध, बैना,कुडपान,फारीपान,सहित दर्जन भर गांव के लोगो का रिश्तेदारी और डिंडो बाजार जाना आना बंद हो सकता है।छत्तीसगढ़ और यूपी के दर्जनों गांवों का आपस में व्यापारिक और रिश्तेदारी संबंध बहुत मजबूत है लेकिन पांगन नदी में पानी भरा तो दोनो राज्य के बीच आना जाना मुश्किल हो जाएगा जिला प्रशासन से ग्रामीणों ने मांग उठाई है कि उक्त घाट पर यथा शीघ्र पुल का निर्माण कराया जाए।

# भाजपा कार्यसमिति की बैठक 21 को

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति की बैठक 21 मई को प्रातः 10 बजे भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर आहुत कि गई है। बैठक मे महासंपर्क अभियान व संगठन द्वारा आयोजित आगामी कार्यक्रम की रुपरेखा तय कि जायेगी। बैठक मे मुख्यरुप से जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा के जिलाध्यक्ष, जिला अभियान टोली, मण्डल अभियान टोली, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, नगर पालिकाध् नगर पंचायत चेयरमैन, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र व प्रदेश के पदाधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मिडिया प्रभारी अनूप तिवारी ने दिया।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# नगर पालिका क्षेत्रो में साप्ताहिक बंदी दिवस घोषित

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम–1962 सपठित प्रादेशिक नियमावली, 1963 के नियम 06 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की सूची–01 में सम्मिलित नगर पालिकाध टाउन एरियाध्नोटीफाईड एरिया में आवर्त समस्त दुकानोंध वाणिज्य अधिष्ठानों के लिए (अनुसूची–02 में उल्लेखित दुकानोंध्वाणिज्य अधिष्ठानों को छोड़कर) आवर्त क्षेत्र के सम्मुख अंकित दिवस को अधिनियम की धारा–08 (02) के अन्तर्गत कैलेण्डर वर्ष–2023 के लिए साप्ताहिक बन्दी दिवस घोषित किया जाता है। उन्होंने बताया कि अनुसूची में आवर्त क्षेत्रों के लिए साप्ताहिक बन्दी का निर्धारित किया गया है, जैसे नगर पालिका क्षेत्र राबर्ट्सगंज के लिए बुधवार, टाउन एरिया क्षेत्र घोरावल के लिए मंगलवार, नोटीफाईड एरिया क्षेत्र गुर्मा के लिए मंगलवार, नोटीफाईड एरिया क्षेत्र चुर्क के लिए मंगलवार, नोटीफाईड एरिया क्षेत्र चोपन के लिए सोमवार, नोटीफाईड एरिया क्षेत्र ओबरा के लिए मंगलवार, नोटीफाईड एरिया क्षेत्र रेनुकूट के लिए मंगलवार, नोटीफाईड एरिया क्षेत्र पिपरी के लिए सोमवार, दुद्धी के लिए बुधवार, म्योरपुर के लिए गुरूवार, मुर्धवा के लिए बुधवार, रिहन्दनगर के लिए सोमवार, शक्तिनगर के लिए बुधवार, रेनुसागर के लिए गुरूवार, विण्ढमगंज के लिए बुधवार, पन्नूगंज के लिए गुरूवार, शाहगंज के लिए शुक्रवार, रामगढ़ के लिए गुरूवार, डाला के लिए गुरूवार का दिन निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुसूची–02 में खानपान, नाश्ता, समाचार, पत्र–पत्रिका, दवाखाना, सब्जी, मिठाई, दूध, मॉस, अण्डे फल, फूल, हराचारा, सिनेमा, मनोरंजन केन्द्र, क्लब, आवासीय होटल, वाहन ईंधन, बाल कटवाने की दुकानों, सरकारी लाईसेंस शुदा शराब की दुकानें, शवदाह के प्रयोजन की दुकानें, परिवहन की सेवायें, विद्युत एवं जल आपूर्ति से सम्बन्धित प्रतिष्ठान, साईकिल व रिक्शा रिपेयरिंग की दुकानों सम्मिलित हैं, जिन पर साप्ताहिक बन्दी दिवस के प्राविधान लागू नहीं होंगें।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है– अमितेश कुमार सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमितेष कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि उ0प्र0खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत उद्यम की स्थापना के लिए अधिकमत रू0 50.00 लाख तक का ऋण बैंकों के माध्यम से दिलाये जाने का प्राविधान है। योजनान्तर्गत सामान्य वर्ग के पुरूष लाभार्थियों को प्रोजेक्ट कास्ट का 25प्रतिशत अनुदान आरक्षित वर्ग तथा महिला उद्यमियों को प्रोजेक्ट कास्ट का 35 प्रतिशत अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है। ग्रामीण क्षेत्र में उद्यम की स्थापना हेतु 03 वर्ष तक 13 प्रतिशत अधिकतम ब्याज उपादान भी नियमानुसार लाभार्थी को प्राप्त हो सकेगा। उद्यम के 03 वर्ष तक सफलतापूर्वक संचालित होने के उपरांत इकाई के विस्तार हेतु धनराशि रू0 1.00 करोड़ तक का द्वितीय ऋण भी प्राप्त किया जा सकेगा। उक्त द्वितीय ऋण पर भी 15 प्रतिशत अनुदान अनुमन्य है। उन्होंने इच्छुक लाभार्थी को ॅ।अपबवदसपदम.हवअ.पद ई–पोर्टल पर एजेन्सी के0वी0आई0बी0 का चयन करते हुए 30 जून, 2023 तक आवेदन कर सकते है, किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, नियर मिशन हॉस्पिटल पीपरी रोड राबर्ट्गंज सोनभद्र में किसी भी कार्य दिवस पर सम्पर्क किया जा सकता है, तथा दूरभाष नम्बर–9580503175 व 8127311624 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# गर्मियों में त्वचा के लिए सुरक्षा कवच है नारियल तेल, जानें इसके लाभ



गर्मी एक ऐसा मौसम है जब धूप अच्छी नहीं लगती है. लंबे समय तक धूप में रहने से त्वचा रूखी, खुजलीदार और क्षतिग्रस्त हो सकती है. साथ ही, गर्मियों में सनबर्न की समस्या भी बढ़ जाती है और ज्यादा पसीना आने के कारण स्किन पर घमौरियां, मुहासे भी निकलने गलते हैं. हालांकि, गर्मियों में स्किन की सेहत को ठीक रखने के लिए कई प्राकृतिक उपचार हैं जो त्वचा को पोषण देने और उसकी रक्षा करने में मदद कर सकते हैं. एक ऐसा बहुमुखी और प्राकृतिक उपचार जिसका उपयोग त्वचा की विभिन्न समस्याओं के लिए किया जा सकता है, वह है नारियल का तेल. गर्मियों में त्वचा पर नारियल को तेल लगाने के छह फायदे हैं, जो इसके पोषण के लिए फायदेमंद है.

गर्मियों में त्वचा पर नारियल तेल लगाने के 6 फायदे–

त्वचा को मॉइस्चराइज करता है: नारियल का तेल एक बेहतरीन प्राकृतिक मॉइस्चराइजर है, जिसमें फैटी एसिड का एक अनूठा संयोजन होता है जो त्वचा में गहराई तक प्रवेश करता है. यह त्वचा को हाइड्रेटेड और मुलायम रखता है. गर्मियों के दौरान, गर्म और आर्द्र मौसम आपकी त्वचा को डिहाइड्रेट कर सकता है, जिससे स्किन पर पपड़ी और सूखापन हो सकता है. नियमित रूप से नारियल के तेल का उपयोग आपकी त्वचा को मॉइस्चराइज करता है, जो इसे सूखने और क्षतिग्रस्त होने से रोकता है.

यूवी किरणों से बचाता है: सूरज की पराबैंगनी (यूवी) किरणें आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं, जिससे सनबर्न और समय से पहले बुढ़ापा आ सकता है. नारियल के तेल में प्राकृतिक सन प्रोटेक्शन फैक्टर (स्क्कस्न) गुण होते हैं, जो इसे एक उत्कृष्ट प्राकृतिक सनस्क्रीन बनाते हैं. हालांकि यह बाजार में मिलने वाले सनस्क्रीन के समान स्तर की सुरक्षा प्रदान नहीं कर सकता है, फिर भी यह सूर्य की हानिकारक किरणों से कुछ सुरक्षा प्रदान करता है. नारियल के तेल को सनस्क्रीन के रूप में इस्तेमाल करने से भी त्वचा को पोषण और मॉइस्चराइज करने में मदद मिल सकती है, जिससे यह नरम और चिकनी हो जाती है.

सूजन कम करता है: गर्मियों के दौरान, लंबे समय तक धूप में रहने या कीड़े के काटने से आपकी त्वचा में सूजन हो सकती है. नारियल के तेल में प्राकृतिक एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो लालिमा और सूजन को कम करने में मदद करते हैं. सूजन वाली त्वचा पर नारियल का तेल लगाने से त्वचा को शांत करने में मदद मिलती है, जिससे जलन और बेचैनी कम होती है.

मुंहासे: मुंहासे त्वचा की एक आम समस्या है जो गर्मी के महीनों में और भी बदतर हो सकती है. गर्मी और उमस के कारण त्वचा अतिरिक्त तेल का उत्पादन कर सकती है, जिससे रोम छिद्र बंद हो जाते हैं और ब्रेकआउट हो जाते हैं. नारियल के तेल में प्राकृतिक जीवाणुरोधी गुण होते हैं जो मुंहासे पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लडने में मदद कर सकते हैं. प्रभावित क्षेत्रों पर नारियल का तेल लगाने से सूजन को कम करने और भविष्य में ब्रेकआउट को रोकने में मदद मिलती है.

त्वचा की बनावट में सुधार: नारियल का तेल त्वचा की बनावट सुधारने में मदद कर सकता है. इसके प्राकृतिक फैटी एसिड त्वचा को पोषण और हाइड्रेट करने में मदद कर सकते हैं, जिससे यह नरम और चिकनी हो जाती है. नियमित रूप से नारियल के तेल का उपयोग करने से महीन रेखाओं और झुर्रियों की उपस्थिति को कम करने में मदद मिलती है, जिससे त्वचा जवां और अधिक चमकदार दिखती है. प्राकृतिक एक्सफोलीएटर: नारियल के तेल का उपयोग प्राकृतिक एक्सफोलिएटर के रूप में भी किया जा सकता है. इसके प्राकृतिक एसिड मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने में मदद कर सकते हैं, चिकनी और चमकदार त्वचा प्रकट करते हैं. एक्सफोलिएटर के रूप में नारियल के तेल का उपयोग करने से रोमछिद्रों को खोलने में मदद मिल सकती है, ब्रेकआउट और ब्लैकहेड्स को रोका जा सकता है. नारियल का तेल एक प्राकृतिक उपचार है जो गर्मियों के दौरान आपकी त्वचा को पोषण देने और उसकी रक्षा करने में मदद कर सकता है. इसके मॉइस्चराइजिंग गुण आपकी त्वचा को हाइड्रेटेड रख सकते हैं और इसे शुष्क और क्षतिग्रस्त होने से बचा सकते हैं. यह सूरज की हानिकारक किरणों से भी कुछ सुरक्षा प्रदान कर सकता है और सूजन को कम करने और मुहांसों से लडने में मदद कर सकता है. नियमित रूप से नारियल के तेल का उपयोग करने से त्वचा की बनावट और दिखावट में सुधार करने में मदद मिलती है, जिससे यह युवा और अधिक चमकदार दिखती है. हालांकि, अगर आपको नारियल तेल से एलर्जी है तो इसे इस्तेमाल करने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें.

## आमिर खान ने दक्षिण का किया रुख, अल्लू अरविंद के साथ बना सकते हैं गजनी 2

आमिर खान लाल सिंह चड्ढा के बाद फिल्म चैंपियन्स के रीमेक में काम करने वाले थे। हालांकि, लाल सिंह चड्ढा के खराब



प्रदर्शन के बाद पिछले साल उन्होंने अभिनय से एक साल का ब्रेक लेने की बात कही थी। चौंपियन्स से भी उन्होंने खुद को बतौर अभिनेता अलग कर लिया है और अब सोनी पिक्चर्स के साथ मिलकर सिर्फ इसका निर्माण करेंगे। नई जानकारी के अनुसार, अब आमिर अपना नया प्रोजेक्ट दक्षिण में तलाश रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, आमिर पिछले तीन महीने में दो बार हैदराबाद जा चुके हैं। आमिर की इन यात्राओं से चर्चाओं का बाजार गर्म है कि आमिर साउथ इंडस्ट्री में अपना नया प्रोजेक्ट तलाश रहे हैं। इस बारे में आमिर या उनकी टीम की तरफ से कोई इशारा नहीं दिया गया है, लेकिन सूत्रों की मानें तो आमिर तेलुगु निर्माता अल्लू अरविंद के साथ साझेदारी पर बात कर रहे हैं। दोनों एक–दूसरे के साथ काम करने को इच्छुक हैं।

पिछले कुछ महीनों में आमिर और अल्लू अरविंद की कई मुलाकातें हो चुकी हैं। दोनों कई प्रोजेक्ट पर बातचीत कर रहे हैं। इन प्रोजेक्ट के बारे में फिलहाल कुछ साफ नहीं है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि इनमें से एक गजनी 2 है। अल्लू अरविंद के पास गजनी 2 का आइडिया है और वह आमिर के साथ संजय सिंघानिया की कहानी को आगे लेकर जाना चाहते हैं। हालांकि, प्रशंसकों को अभी आधिकारिक बयानों का इंतजार करना होगा।

2008 में आई थी गजनी

2020 में रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा गजनी 2 बनाने की बात भी सामने आई थी। 2008 की फिल्म गजनी में आमिर खान ने बिजनसमैन संजय सिंघानिया की भूमिका निभाई थी। उनके साथ फिल्म में अभिनेत्री असिन नजर आई थीं। इस फिल्म में जिया खान ने भी अपने ग्लैमर का जादू डाला था। फिल्म में आमिर का किरदार अपनी प्रेमिका की हत्या का बदला लेना चाहता है, लेकिन उसे भूलने की बीमारी है। इस फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था।

पिछली बार लाल सिंह चड्ढा में आए थे नजर

आमिर खान की पिछली फिल्म लाल सिंह चड्ढा बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। फिल्म पिछले साल रक्षाबंधन के मौके पर आई थी। इस फिल्म में उनके साथ करीना कपूर मुख्य भूमिका में थीं। यह हॉलीवुड फिल्म फॉरेस्ट गंप की रीमेक थी। फिल्म पर काफी विवाद हुआ था और हर तरफ इसके बहिष्कार की मांग हो रही थी। आमिर और करीना के पुराने बयानों की वजह से फिल्म पर खूब बवाल हुआ था।




## शाहिद कपूर संग बनी पूजा हेगड़े की जोड़ी, एक्शन थ्रिलर कोई शक में साथ आएंगे नजर



शाहिद कपूर हाल में अपने ओटीटी डेब्यू फर्जी को लेकर सुर्खियों में थे तो पूजा हेगड़े किसी का भाई किसी की जान में नजर आई थीं। बीते दिनों खबर आई कि शाहिद एक थ्रिलर फिल्म के लिए रोशन एंड्रयूज के साथ बातचीत कर रहे हैं तो अब इससे जुड़ी बड़ी अपडेट सामने आई है। दरअसल, इस फिल्म कोई शक में शाहिद के साथ पूजा की जोड़ी बनने जा रही है। यह पहली बार होगा, जब दोनों एक साथ नजर आएंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, सूत्र से जानकारी मिली है कि रोशन और सिद्धार्थ रॉय कपूर ने पूजा को मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुना है। फिल्म का निर्माण जी स्टूडियो के साथ मिलकर सिद्धार्थ कर रहे हैं। सूत्र ने कहा, रोशन और सिद्धार्थ एक नई कास्टिंग के साथ आगे बढना चाहते थे और ऐसे में उन्होंने शाहिद के साथ पूजा को चुना है। यह एक एक्शन थ्रिलर है और टीम इसे फ्लोर पर ले जाने के लिए उत्साहित है।

फिल्म में लगेगा अभी समय: सूत्र ने आगे फिल्म के नाम के बारे में कहा, लंबे समय से फिल्म के नाम पर विचार किया जा रहा था और अब टीम ने आखिरकार फिल्म का नाम कोई शक रखा है, जो एक्शन के साथ मर्डर मिस्ट्री के लिए एकदम सही बैठता है। सूत्र ने कहा, फिल्म 8 मई को फ्लोर पर जाने वाली थी, लेकिन शूटिंग शेड्यूल अभी तक तैयार नहीं किया गया है। ऐसे में अब फिल्म में देरी की संभावना है।

शाहिद ने अभी नहीं दी फिल्म के लिए तारीख: सूत्र ने बताया कि शाहिद दिल राजू के लिए अनीस बज्मी के साथ कॉमेडी फिल्म कर रहे हैं और उसके शेड्यूल के बाद ही इस फिल्म की शूटिंग के बारे में स्थिति स्पष्ट होगी। सूत्र ने कहा, शाहिद को अभी अपनी तारीखों के बारे में फैसला करना है, लेकिन इस बात की भी संभावना है कि शाहिद इस थ्रिलर फिल्म से पहले अनीस बज्मी की फिल्म शुरू कर सकते हैं। अगले 15 दिनों में उनका शेड्यूल पता चल जाएगा।

शाहिद और पूजा की आगामी फिल्में

शाहिद कृति सैनन के साथ दिनेश विजान की अनटाइटल्ड रोमांटिक कॉमेडी फिल्म का हिस्सा हैं, जिसका पोस्टर भी सामने आ चुका है। इसके अलावा वह अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित ब्लडी डैडी में नजर आएंगे। पूजा की बात करें तो वह जन गण मन में विजय देवरकोंडा और जाह्नवी कपूर के साथ नजर आने वाली हैं। इसके अलावा पूजा महेश बाबू के साथ एसएसएमबी28 में भी दिखाई देंगी, जो अगले साल जनवरी में रिलीज के लिए तैयार है।

## अजूनी फेम आयुषी खुराना ने गर्मियों के लिए हाइड्रेशन टिप्स किए शेयर

टीवी शो अजूनी में मुख्य भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस आयुषी खुराना चिलचिलाती गर्मी में अपने साथी कलाकारों के साथ शो की शूटिंग कर रही हैं। उन्होंने गर्मी के समय में हाइड्रेटेड रहने



के टिप्स साझा किए। अपनी गर्मियों के रुटीन के बारे में बात करते हुए, आयुषी ने शेयर किया, गर्मियों में शूटिंग के दौरान रोशनी और कैमरे के बीच हमें खुद को लगातार हाइड्रेटेड रखना पड़ता है। इसलिए, मैं लगातार पानी पीती हूं। इसके अलावा, मैं अन्य तरल पदार्थ जैसे छाछ, लस्सी, फलों का रस और नारियल पानी का भी सेवन करती हूं। शो में आयुषी के साथ एक्टर शोएब भी लीड रोल में हैं। एक्ट्रेस को कॉफी बहुत पसंद है, लेकिन गर्मियों के दौरान शरीर को स्वस्थ रहने में मदद करने वाले ठंडे पेय के लिए इसका सेवन कम कर दिया है। उन्होंने कहा, हालांकि मुझे कॉफी पीना बहुत पसंद है, लेकिन मैं ज्यादातर गर्मियों में इससे बचने की कोशिश करती हूं क्योंकि इस मौसम में ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करना ज्यादा फायदेमंद होता है। आयुषी ने अपने फैंस को घर से दूर रहने के दौरान खूब सारे तरल पदार्थ पीने, तला हुआ, मसालेदार और बाहर का खाना खाने से बचने और अपना ख्याल रखने की सलाह भी दी। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि गर्मी लोगों के स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा असर डालती है। अजूनी प्रत्येक सोमवार से शुक्रवार रात 8.30 बजे स्टार भारत पर प्रसारित होता है।

## यही वो 6 वजहें हैं जिसके चलते नहीं घट रहा है आपका वजन



वजन कम करना एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण काम है. सख्त आहार और घंटो जिम में पसीना बहाने के बावजूद कुछ लोगों को मन मुताबिक परिणाम नहीं मिलता है.ये काफी निराशाजनक हो सकता है.कई लोग डीमोटीवेट हो कर सबकुछ छोड़ बैठते हैं. ऐसा करने से पहले आइए कुछ कारणों का पता लगाएं कि आपका वजन कम क्यों नहीं हो रहा है और इन बाधाओं को दूर करने के लिए आप क्या कर सकते हैं.

ज्यादा कैलोरी का सेवन

वजन कम करने के लिए लोगों को संघर्ष करने के सबसे आम कारणों में से एक यह है कि वे बहुत अधिक कैलोरी का सेवन कर रहे हैं.जो लोग स्वस्थ भोजन कर रहे हैं वो तब भी अपना वजन बढ़ा सकते हैं.अगर आप अपने शरीर की जरूरत से ज्यादा कैलोरी खा रहे हैं.वजन कम करने के लिए, आपको कैलोरी की कमी बनाने की जरूरत है, जिसका मतलब है कि आपको उपभोग करने से ज्यादा कैलोरी जलाने की जरूरत है.

प्रोटीन कम लेना

प्रोटीन एक आवश्यक पोषक तत्व है जो आपके शरीर में टिशू के निर्माण और मरम्मत के लिए महत्वपूर्ण है. ये मसल मास को बनाए रखने के लिए भी महत्वपूर्ण है, जो वजन घटाने के लिए जरूरी है. जब आप वजन कम करते हैं, तो आप न केवल वसा बल्कि मांसपेशियों को भी खो देते हैं. पर्याप्त प्रोटीन खाने से, आप वजन कम करने के दौरान अपनी मांसपेशियों को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं.प्रति दिन शरीर के वजन के प्रति किलोग्राम कम से कम 0.8 ग्राम प्रोटीन का लक्ष्य रखें.

सही नींद ना लेना

वजन घटाने के लिए नींद बेहद जरूरी है.नींद की कमी आपके हार्मोन को बाधित कर सकती है, जिसमें इंसुलिन, कोर्टिसोल और घ्रेलिन शामिल हैं, जिससे वजन बढ़ सकता है. जब आप नींद नहीं ले पाते हैं, तो आपके भोजन के खराब विकल्प और अधिक खाने की संभावना भी अधिक हो सकती है.अपने वजन घटाने के मिशन को पूरा करने लिए प्रति रात 7–8 घंटे सोने का लक्ष्य रखें.

पानी कम पीना

वजन घटाने के लिए पर्याप्त पानी पीना महत्वपूर्ण है. पानी आपके मेटबॉलिज्म को बढ़ावा देने, भूख को कम करने और आपके शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद कर सकता है. प्रति दिन कम से कम 8 गिलास पानी का लक्ष्य रखें और सोडा और जूस जैसे शक्करयुक्त पेय से बचें, जिनमें कैलोरी अधिक हो सकती है.

कंसिस्टेंसी नहीं होना

वजन घटाने की बात आने पर कंसिस्टेंसी महत्वपूर्ण है. सह परिणाम देखने के लिए आपको अपने आहार, व्यायाम और जीवनशैली की आदतों के अनुरूप होना चाहिए. यदि आप केवल कुछ समय के लिए अपने वजन घटाने की योजना पर टिके रहते हैं, तो हो सकता है कि आपको मनचाहा परिणाम न मिले. एक योजना बनाएं और उस पर टिके रहें, यहां तक कि छुट्टियों के दौरान भी.

तनाव होना

वजन घटाने पर तनाव का नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है. जब आप तनावग्रस्त होते हैं, तो आपका शरीर कोर्टिसोल छोड़ता है, जिससे भूख बढ़ सकती है और वजन बढ़ सकता है.